


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 198 | सोमवार, 31 अगस्त 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, तृतीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




देश दुनिया

हर खबर पर हमारी नजर

## ग्रेटर नोएडा में गर्लफ्रेंड ने हिंडन नदी में लगा दी छलांग, तलाश जारी

### बॉयफ्रेंड के शादी से इनकार करने पर थी नाराज

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में प्रेमी के शादी से इनकार करने पर प्रेमिका ने हिंडन नदी में छलांग लगा दी। मामला ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव स्थित हिंडन नदी का है। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 9 बजे राहुल और संजना के बीच शादी को लेकर विवाद हुआ था।

राहुल के शादी से इनकार करने से नाराज संजना हिंडन पुल पर पहुंची और नदी में छलांग लगा दी। प्रेमिका को बचाने के लिए राहुल ने भी पीछे से नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने राहुल को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन संजना का अभी तक पता नहीं चल सका है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम नदी में लापता युवती की तलाश कर रही है। संजना के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी राहुल के संपर्क में थी और शादी से इनकार किए जाने के बाद उसने यह कदम उठाया।

## दिल्ली के विवेक विहार में सिलेंडर ब्लास्ट

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार इलाके में सिलेंडर में ब्लास्ट होने से बड़ा हादसा हो गया। घटना झुग्गी नंबर-11, विवेक विहार थाने के पीछे की बताई जा रही है। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए। घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची हुई है।

जानकारी के मुताबिक, झुग्गी में रखे छोटे सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। धमाका होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 35 वर्षीय अनिल दास और उनकी 30 वर्षीय पत्नी खुशबू गंभीर रूप से झुलस गए।

दोनों को PCR की मदद से तत्काल राजीव गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों करीब 60 प्रतिशत तक झुलसे हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 2 वाटर टेंडर और 1 वॉटर बॉजर यूनिट को घटनास्थल पर भेजा गया।

### 'वन नेशन, वन टाइम' की पहल

# देशभर में अब एक ही समय मानक होगा 'इंडियन स्टैंडर्ड टाइम'

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देशभर में भारतीय मानक समय (आईएसटी) को आधिकारिक समय के तौर पर अनिवार्य करने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। इसके तहत अगले साल मार्च से कानूनी, प्रशासनिक, कारोबारी, डिजिटल और अन्य आधिकारिक कामों में आईएसटी को ही समय के मानक के तौर पर इस्तेमाल करना होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने 27 अगस्त 2026 को ह्यलीगल मेट्रोलॉजी (इंडियन स्टैंडर्ड टाइम) रूल्स, 2026ह्व को अधिसूचित किया। ये नियम गजट में प्रकाशित होने के 180 दिन बाद लागू होंगे, यानी मार्च 2027 के आसपास से इनका पालन अनिवार्य हो जाएगा।

नियमों के मुताबिक, जब तक सरकार की ओर से किसी खास मामले में छूट नहीं दी जाती, सभी कानूनी, प्रशासनिक और आधिकारिक दस्तावेजों में समय के संदर्भ के लिए आईएसटी का इस्तेमाल करना होगा।

सरकार के मुताबिक, इन नियमों का मकसद देशभर में समय के इस्तेमाल में एकरूपता लाना और अलग-अलग समय संदर्भों के कारण होने वाले भ्रम को दूर करना है।




सरकारी विभागों, कंपनियों और अन्य संस्थानों को इस दौरान अपने सिस्टम और प्रक्रियाओं में जरूरी बदलाव करने होंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट के तहत जुमार्ना लगाया जा सकता है।

सरकार के मुताबिक, आज बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट, टेलीकॉम, रेलवे, बिजली व्यवस्था और कंप्यूटर नेटवर्क जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाएं सटीक और एक जैसे समय पर निर्भर हैं। फिलहाल अलग-अलग प्रणालियों में समय के लिए अलग-अलग स्त्रोतों का इस्तेमाल होने से टाइम स्टांप में अंतर आ सकता है। इससे लेन-देन, रिकॉर्ड रखने और अलग-अलग सेवाओं के बीच तालमेल में परेशानी हो सकती है। एक समान समय मानक लागू होने से इन सभी सेवाओं में समय की गणना और रिकॉर्डिंग अधिक सटीक और एक जैसी होगी।

**बैंकिंग से लेकर रेलवे तक होगा फायदा**

सरकार के अनुसार, भारतीय मानक समय को एकमात्र समय मानक बनाने से कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेहतर तालमेल हो सकेगा। इनमें शामिल हैं: बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट में लेन-देन का सही समय दर्ज करना रेलवे, एयरपोर्ट और अन्य परिवहन सेवाओं में बेहतर समन्वय टेलीकॉम और इंटरनेट नेटवर्क का अधिक भरोसेमंद संचालन बिजली व्यवस्था में सटीक टाइम-कीपिंग सरकारी और कानूनी रिकॉर्ड में सही समय दर्ज करना आपातकालीन और समय-संवेदनशील सेवाओं के बीच बेहतर तालमेल

नए नियमों में एक खास जोर विदेशी सैटेलाइट आधारित टाइम सोर्स पर निर्भरता कम करने पर है। सरकार के मुताबिक, कई महत्वपूर्ण सिस्टम फिलहाल ऐसे विदेशी टाइम सोर्स का इस्तेमाल करते हैं। सरकार अब भारतीय संस्थानों और लीगल मेट्रोलॉजी लैबोरेटरी के जरिए देशभर में सटीक भारतीय मानक समय उपलब्ध कराने का बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है। इसके साथ ही भारत के स्वदेशी सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम ठं५क्ळ और सरकार की ओर से मंजूर अन्य भारतीय टाइमिंग सोर्स का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## ताशकंद में पीएम मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी न्यूज



**ताशकंद।** पीएम मोदी उज्बेकिस्तान के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने रविवार को ताशकंद में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सम्मान में शास्त्री मेमोरियल पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा उन्होंने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ मिलकर एक पेड़ भी लगाया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शास्त्री का " 'जय जवान, जय किसान' का सदाबहार नारा पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है"। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनका "जीवन सादगी, साहस और देश के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था।" बता दें कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को उज्बेक राजधानी ताशकंद में अचानक निधन हो गया था। यह घटना 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को समाप्त करने के लिए ऐतिहासिक ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही घंटों बाद हुई थी।

विदेश मंत्रालय ने '' पर पोस्ट में बताया कि कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने भारत की "एक पेड़ मां के नाम" पहल और उज्बेकिस्तान के "यशिल माकोन" (ग्रीन) प्रयासों के तहत राष्ट्रपति भवन के बगीचे में संयुक्त रूप से एक पेड़ भी लगाया। मंत्रालय ने कहा, "यह कदम एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य को संवारने के प्रति भारत और उज्बेकिस्तान की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है।"

# पीएम मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान

### अब तक 36 देशों ने किया सम्मानित

**ताशंकद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ओली दराजाली दोस्तलिक' से सम्मानित किया गया। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। जुलाई 2026 में इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विदेशी देशों से मिले अंतरराष्ट्रीय सम्मानों की संख्या 35 हो गई है।



भारत और उज्बेकिस्तान ने रविवार को व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और साझा विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी 29 से 30 अगस्त तक उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। यह यात्रा राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर हो रही है। ताशकंद पहुंचने पर प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

## भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** दुबग्गा इलाके के सराय प्रेमराज में शारदा सहायक नहर से भाजपा नेता और महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह (35) का शव रविवार शाम साढ़े पांच मिलने से हड़कंप मच गया। उनके सिर के पिछले हिस्से और दाहिने सीने में गोली मारी गई थी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

## सीएम योगी बोले- सपा के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है जेपीएनआईसी

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में बना जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है। सपा ने इसे अपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का अड्डा जैसा बना दिया था। एक महापुरुष के नाम का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार अपराध व अपराधियों के साथ-साथ बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ वीरांगना अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित करने




वाले जयप्रकाश नारायण के नाम पर सपा शासनकाल में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन 864 करोड़ खर्च करने के बावजूद यह अधूरा रहा। जिस काम को 18 महीने में पूरा होना था, वह दो साल बाद भी अधूरा था। सेंटर पर सपा का कब्जा रखने के लिए एक कमेटी गठित की गई, जिसमें अखिलेश यादव, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश के निजी सचिव और सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी शामिल थे।

सीएम योगी ने कहा कि जेपीएनआईसी पर खर्च हुए 864 करोड़ रुपये सैफई सिंडिकेट के नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की जनता के हैं।

# कालका-शिमला रेलवे रूट पर पटरी के नीचे लैंडस्लाइड

### 10 ट्रेनें कैंसिल; 400 से अधिक यात्रियों को किया गया रेस्क्यू

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** इस वक्त की बड़ी खबर हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले से सामने आ रही है। यहां ट्रेन की पटरी के नीचे से मिट्टी खिसकने की वजह से कई ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं। नॉर्दर्न रेलवे ने रविवार को बताया कि कालका-शिमला रूट पर पहाड़ खिसकने से ट्रेन सेवा बाधित हो गई। यहां एक कनेक्टिंग ब्रिज का कुछ हिस्सा खुला रह गया, जिसके बाद कम से कम 391 यात्रियों और ट्रेन के 40 क्रू सदस्यों को सुरक्षित कालका पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक लगातार बारिश के कारण पहाड़ खिसकने से शनिवार रात को कोटी और घुम्मन स्टेशनों के बीच ट्रैक का एक हिस्सा कमजोर हो गया।



रेलवे के एक प्रेस नोट में कहा गया, "शिमला-कालका वठएरउड वर्ल्ड हेरिटेज सेक्शन पर कोटी और घुम्मन स्टेशनों के बीच ब्रिज नंबर 57 पर पहाड़ खिसकने के बाद, नॉर्दर्न रेलवे के अधिकारियों ने तुरंत और बिना किसी परेशानी के बचाव अभियान चलाया, ताकि यात्रियों को कोई दिक्कत न हो।" इस घटना के बाद आने वाली चार ट्रेनों को बीच में ही रोक दिया गया। रेलवे ने बताया कि सोलन, कोटी और धर्मपुर से 400 से ज्यादा यात्रियों और ट्रेन क्रू सदस्यों को पांच बसों और दो टेम्पो ट्रैवलर में बिठाकर ले जाया गया।

प्रेस नोट में कहा गया कि जहां स्थानीय यात्रियों को उनकी मंज़िल तक पहुंचाया गया, वहीं लगभग 120 यात्रियों को ट्रेन नंबर 13052 में जगह दी गई, जिसका समय बदलकर खास तौर पर रात 1.30 बजे कर दिया गया था।

# गुमशुदगी की खबर के बीच कैलाश मानसरोवर से 93 लोगों के साथ लौटीं अभिनेत्री मानसी पारेख

एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** अपने परिवार के साथ नेपाल घूमने के लिए गए कई लोग आज वापस मुंबई लौटे। इनमें कपोल सोशल ग्रुप के साथ 93 लोगों का ग्रुप मानसरोवर यात्रा के लिए गया था।

ईशा फाउंडेशन के साथ कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गया 93 लोगों का ग्रुप आज मुंबई वापस लौट आया। यात्रियों के मुंबई एयरपोर्ट पहुंचते ही वहां भावुक कर देने वाला नजारा देखने को मिला। लंबे इंतजार के बाद परिवार से मिले लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। कोई मां अपने बेटे से लिपटकर रोती नजर आई तो कहीं भाई-बहन ने एयरपोर्ट पर ही राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया।

इन यात्रियों में अभिनेत्री मानसी पारेख भी शामिल थीं, जो ईशा फाउंडेशन के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गई थीं। यात्रा के दौरान शुरूआत में उनके गुमशुदा होने की खबर सामने आई थी। हालांकि, अब मानसी पारेख सुरक्षित मुंबई लौट आई हैं। उन्होंने इंडिया टीवी से बातचीत में पूरी घटना और यात्रा का अनुभव साझा किया।



जानकारी के मुताबिक, कपोल सोशल ग्रुप के साथ कुल 93 लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए थे। इसके अलावा नेपाल घूमने गए कई अन्य लोग भी आज मुंबई वापस लौटे। मुंबई एयरपोर्ट के बाहर यात्रियों के परिजन बेसब्री से अपने परिवार के सदस्यों का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही यात्री एयरपोर्ट से बाहर निकले, परिवार से मिलते ही कई लोग भावुक हो गए। लंबे समय बाद अपनों को देखकर कई यात्रियों और परिजनों की आंखों से आंसू छलक पड़े।

एयरपोर्ट पर यात्रियों के परिजनों के लिए यह पल बेहद भावुक कर देने वाला था। परिवार से मिलते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाया और यात्रा के दौरान के अनुभव साझा किए। वहीं, एक भाई-बहन ने एयरपोर्ट पर ही राखी का त्योहार मनाया। बहन ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी तो दोनों भावुक नजर आए।

कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे यात्रियों ने भगवान शिव को याद किया।




**एक नजर**

### गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर चुक रहा किसानों का धैर्य

**बहेड़ी।** स्थानीय केसर शुगर मिल पर गन्ना किसानों का बकाया करीब 162 करोड़ के भुगतान के मामले में किसानों का धैर्य अब चुकता जा रहा है। वे समझ नहीं पा रहे कि धरना प्रदर्शन के अलावा प्रशासनिक अमले के सामने क ई क ई बार गुहार लगाने के बावजूद कहीं से भी उजाले की किरण नजर नहीं आ रही है। युवा राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सचिन सिंह का कहना है कि पिछले काफी समय से केसर मिल के अधिकारी मिल की बिक्री के बाद किसानों का भुगतान हो जाने की बात कहते आ रहे हैं पर हल कोई दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने सूबे की सरकार से भी अपील की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर आगामी पेराई सत्र से पहले भुगतान कराकर चीनी मिल को चालू कराया जाए। सचिन सिंह ने कहा कि केसर मिल बंद हो जाने से गन्ने को लेकर किसानों के समक्ष बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। किसान चाहते हैं कि चीनी चालू रहे और समय से गन्ना मूल्य का भुगतान हो।

# लखपति दीदी से अब करोड़पति दीदी बनाने की तैयारी शुरू की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रशासन ने अब लखपति दीदी योजना को और गति देने की तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समूह गठन के निर्धारित लक्ष्य को महीनों में बांटकर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा केवल महिलाओं को लखपति दीदी बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें आगे चलकर करोड़पति दीदी बनाने की दिशा में भी काम किया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें लखपति महिला कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की प्रगति की समीक्षा की गई। डिप्टी कमिश्नर एनआरएलएम ने बताया कि जिले में 1,23,762 स्वयं सहायता समूह सदस्य महिलाओं की आय में वृद्धि करने तथा कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को 26,883 स्वयं सहायता समूह गठित करने का लक्ष्य मिला है। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार माहवार कार्ययोजना तैयार कर प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सचिवों के काम की नियमित समीक्षा और कमजोर प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने पंचायत सहायकों, कोटेदारों, सचिवों और एडीओ को अभियान से जोड़कर समूह गठन में तेजी लाने को कहा। बीएमएम की दैनिक समीक्षा कर खराब प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए। नए और पुराने स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खुलने में आ रही दिक्कतों की समीक्षा में भदपुरा और मीरगंज में अधिक मामले लंबित मिले।

डीएम ने बीडीओ और बैंक प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय से लंबित मामलों का निस्तारण कराने तथा प्रत्येक ब्लॉक में बैंक संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिले में अब तक 55,489 संभावित लखपति दीदियों की पहचान हो चुकी है। डीएम ने शेष चिन्हीकरण जल्द पूरा कराने के साथ नवाचार आधारित आजीविका मॉडल विकसित करने और सखियों व सेक्टर अधिकारियों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

## डिवाइडर से टकराई गाड़ी, युवक पर हमला

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम लभारी में गाड़ी क्षतिग्रस्त होने के विवाद में युवक पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल मान सिंह पुत्र जोगराज की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मान सिंह ने बताया कि शनिवार शाम वह गांव के राहुल पुत्र अनिल पांडेय के साथ बैठा था। राहुल ने गाड़ी में बैठने और मोबाइल चार्ज करने के लिए चाबी मांगी। चाबी मिलने के बाद उसने गाड़ी स्टार्ट कर डिवाइडर में टक्कर मार दी, जिससे अगला पहिया क्षतिग्रस्त हो गया। मरम्मत का खर्च देने की बात कहकर राहुल चला गया। काफी देर तक वापस न लौटने पर मान सिंह उसके घर पहुंचे, जहां आरोप है कि राहुल ने पीछे से लोहे की रॉड से उनकी पीठ पर वार कर दिया। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व सांसद ऐरन के निर्माणाधीन हॉस्पिटल में बीती रात हुई चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन के थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जेड़ स्थित निर्माणाधीन डॉ. बी.आर. अम्बेडकर हॉस्पिटल में बीती रात अज्ञात चोरों ने कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए अस्पताल परिसर में लगे कैमरों का डीवीआर भी चुरा लिया। जिससे पुलिस को घटना की कोई फुटेज न मिल सके। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन की ओर से मैनेजर रोहित तिवारी ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार चोर 5 हॉर्स पावर की एक मोटर, इलेक्ट्रिकल वायर 6 बंडल, हैमर मशीन, वेल्डिंग रॉड 2 बंडल के अलावा सीसीटीवी डीवीआर और वाई-फाई डिवाइस भी चुरा ले गए। शिकायती पत्र में प्रबंधन ने घटना को लेकर दो लोगों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से उनकी भूमिका की जांच करने की मांग की है। बताया गया कि घटना से ठीक पहले अस्पताल में काम कर रहे आशु खान नाम के व्यक्ति की प्रबंधन के साथ किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई थी। आरोप है कि बहस के दौरान उसने देख लेने की धमकी दी थी। पीड़ित पक्ष ने आशु खान के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल और टावर लोकेशन खंगालने की गुहार लगाई है। दूसरी ओर अस्पताल परिसर की सुरक्षा के लिए दो गार्ड साबिर और वीरेश तैनात थे। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस रात चोरी की यह वारदात हुई, उस रात गार्ड वीरेश अपनी ड्यूटी से गायब था। गार्ड वीरेश की गैरमौजूदगी भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। फरीदपुर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दिल्ली में राजमिस्त्री की संदिग्ध मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव कुरतरा के युवक दिल्ली में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। शनिवार को शब गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी समेत सभी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने परिजनों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय थाना के गांव कुरतरा निवासी धर्मवीर उर्फ कल्लू गंगवार(40) स्थानीय कस्बा के एक ठेकेदार के पास दिल्ली में राज्य मिस्त्री का काम करते थे। सोमवार को कावड़ चढ़ाने के बाद वह मंगलवार को दिल्ली मजदूरी करने ठेकेदार की साइड पर चले गए थे। बृहस्पतिवार को वह निर्माणाधीन बिल्डिंग के छत पर अन्य मजदूरों के साथ थे। सुबह शुक्रवार को उनका शब मुँह के बल पड़ोस की छत पर पढ़ा मिला था। अन्य मजदूरों ने ठेकदार को सूचना दी। ठेकेदार की सूचना पर पहुंची दिल्ली के थाना मोतीनगर पुलिस ने शब को कब्जे में ले लिया। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शब परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को परिजनों ने शब का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के भाई तुलसी गंगवार ने ठेकेदार समेत अज्ञात लोगों में हत्या करके छत पर फेंकने का आरोप लगाया है। हालांकि परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। इसको लेकर शनिवार को गांव पहुंचे ठेकेदार और परिजनों के बीच काफी गर्मा गर्मी भी हुई है। दिल्ली पुलिस ने परिजनों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही करने की बात कही है। तुलसी गंगवार ने बताया वह दसवां संस्कार के बाद दिल्ली जाकर ठेकेदार और अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। हालांकि सूत्रों की माने तो ठेकेदार और परिजनों के बीच समझौता भी हुआ है।



धर्मवीर का फोटो।



मन की बात कार्यक्रम देखते लोग। –जागरण मोर्चा

## शांतचित्त होकर सुनी मन की बात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** लोगों के बीच खासे लोकप्रिय हो चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी तन्मयता के साथ सुना और तकरीबन हर क्षेत्र में उनकी व्यापक रूचि और विद्वता को लेकर गर्व की अनुभूति की कि देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला है जिसकी देश की समृद्धि से जुड़ी हर चीज पर मजबूत पकड़ है। रविवार सुबह भुड़िया कालोनी के बूथ संख्या 278पर भाजपा नेताओं के साथ तमाम ग्रामीणों ने 'मन की बात' कार्यक्रम का 137 वें एपिसोड को बड़ी तल्लीनता के साथ न केवल सुना अपितु प्रधानमंत्री द्वारा कही गईं बातों को अंगीकार करने का निश्चय भी किया। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद तथा केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मेहरोत्रा, शेरगढ़ व बहेड़ी के ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी व अमरेंद्र सिंह गोल्डी, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अरूण गंगवार, अवधेश सक्सेना, इंद्रजीत बग्गा, रूप किशोर गंगवार, मोहित बाल्मीकि तथा सर्वेश रस्तोगी सहित तमाम अन्य मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर 5 साल से यौन शोषण कर रहे प्रेमी के घर पहुंचीं युवती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर लगातार 5 वर्षों तक यौन शोषण करने और शादी की जिद करने पर आरोपी के परिजनों द्वारा बंधक बनाकर मारपीट करने का संगीन आरोप लगाया है।

पीड़िता ने इस संबंध में कोतवाली फरीदपुर में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गांव का ही रहने वाला धीर सिंह पिछले पांच साल से उसे शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसका यौन शोषण कर रहा था। जब भी पीड़िता ने इसका विरोध किया या शादी करने की बात कही, तो आरोपी उसे 'तुमसे ही शादी करूंगा' कहकर लगातार धोखा देता रहा। पीड़िता का आरोप है कि बीते शनिवार को करीब 11:00 बजे आरोपी धीर सिंह, उसकी मां गीता, और उसके भाई विपिन व रवि ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपियों ने उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और उसे घर के भीतर जबरन बंधक बना लिया। इस दौरान किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़िता रविवार को फरीदपुर थाने पहुंची और पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी धीर सिंह सहित उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

> पीड़िता स्वयं बता रही है कि वह 5 साल से युवक के संपर्क में है, दोनों के बीच प्रेम संबंध हैं। 3-4 दिन पूर्व पीड़िता स्वेच्छा से लड़के के घर पहुंच गयी और वहीं रह रहने लगी। बंधक बनाने की बात बेबुनियाद है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करेगी।
>
> – चमन सिंह भड़ाना (प्रभारी कोतवाल)

## नहर में लापता हुए युवक का एसडीआरएफ ने ढूंढ निकाला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** बीते शनिवार को करीब दोपहर के समय नहर में नहाने गया एक युवक अचानक लापता हो गया। परिजनों को जब यह सूचना मिली तो हाहाकार मच गया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचीं पुलिस ने परिजनों के साथ युवक की तलाश की पर कोई सफलता नहीं मिली। मजबूरन, एसडीआर एफ को सूचना दी गई। एस डी आर एफ की टीम ने रविवार सुबह काफी मशक्कत के बाद नहर से ही शव को ढूंढ निकाला। पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गाँव सिंगौती निवासी संजीव कुमार (32) पुत्र प्यारे लाल शनिवार को दोपहर के समय नहर में नहाने गया था। नहाते वक्त ही वह किसी तरह लापता हो गया। परिजनों को घटना का पता चला तो सबने मौके पर पहुँच कर खोजबीन की। पुलिस ने भी काफी तलाश किया। इसके बाद एस डी आर एफ की टीम ने रविवार सुबह सघन तलाशी अभियान चलाया। आखिरकार कड़ी मेहनत के बाद टीम ने युवक का शव खोज निकाला। शव मिलने के बाद युवक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। कोतवाल दिनेश शर्मा ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर विच्छेदन गृह भिजवा दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद तस्वीर साफ हो सकेगी।



संजीव का फाइल फोटो।

# चार महीने से खराब आरओ फ्रीजर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** स्थानीय कस्बे के सरकारी जूनियर गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाया गया आरओ फ्रीजर पिछले करीब चार महीने से खराब पड़ा है। जिम्मेदारों से कई बार शिकायत के बावजूद फ्रीजर की मरम्मत न होने से स्कूल की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मजबूरी में छात्राएं स्कूल के नल से पानी पीने को विवश हैं। प्रधानाचार्य सरिता शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्ष सरकार की ओर से छात्राओं को बीमारियों से बचाने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में आरओ फ्रीजर लगाया गया था। कुछ समय चलने के बाद ही फ्रीजर खराब हो गया। पिछले करीब चार महीने से यह बंद पड़ा है।




प्रधानाचार्य के अनुसार फ्रीजर खराब होने के बाद उन्होंने स्थानीय नगर पंचायत चेयरमैन को कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की। चेयरमैन की ओर से फ्रीजर जल्द ठीक कराने का भरोसा भी दिया गया, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसे में छात्राओं को नल का पानी पीना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग को गंभीरता दिखानी चाहिए। उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद चार महीने तक फ्रीजर का ठीक न होना सरकारी व्यवस्था की लापरवाही को उजागर करता है। उन्होंने जल्द से जल्द आरओ फ्रीजर दुरुस्त कराकर छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

## रंजिशन गाली गलौच कर भाइयों को पीटा

**शीशगढ़।** बाइक खड़ी कर रहे युवक को दो लोगों ने रंजिशन गालियां दिन। गाली देने का विरोध करने पर युवक को धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया।इतना ही नहीं आरोपितों ने बचाने आए भाई के साथ भी मारपीट की।कस्बे के मोहल्ला शेखुपुरा निवासी अदनान ने पुलिस को बताया कि बीती पच्चीस अगस्त को वह मोहल्ला गौड़ी में अपनी बाइक खड़ी कर रहा था। आरोप है कि वहां पर पहले से मौजूद ताजीम व नदीम उसे देखकर रंजिशन गालियां देने लगे। विरोध करने पर उपरोक्त ने उसे कोई धारदार वस्तु मारकर घायल कर दिया । बचाने आए भाई को भी उपरोक्त ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों ने दामाद व मां को पीटा

**मीरगंज/शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुरालियों ने दामाद की पिटाई कर दी। सूचना पर बेटे से मिलने पहुंची मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कस्बा निवासी शकुन्तला ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र अर्जुन अपनी पत्नी को लेकर थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा की गौंटिया स्थित अपनी ससुराल गया था। आरोप है कि ससुराल में काजल, विनोद व शशि ने उनके बेटे के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची मां के साथ भी उपरोक्त ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सांडों की लड़ाई में बाइक सवार युवक की गई जान

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र में सड़क पर आपस में भिड़ रहे दो सांडों की चपेट में आने से बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में उसके साथ बाइक पर जा रहा 14 वर्षीय किशोर भी घायल हो गया। दुर्घटना बदायूं रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के सामने हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव चकरपुर निवासी ओमकार पुत्र स्वर्गीय बालकराम शनिवार रात अपने साथी अमन के साथ मोटरसाइकिल से देवचरा की ओर जा रहा था। ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार के मुताबिक गांव में पड़ोसी के यहां बच्चे के नामकरण संस्कार की दावत थी। दावत के लिए कुछ सामान कम पड़ गया था, जिसे लेने के लिए दोनों देवचरा जा रहे थे। इसी दौरान बदायूं रोड पर पीएनबी के सामने दो सांड सड़क पर आपस में लड़ रहे थे। बाइक सवार दोनों युवकों को संभलने का मौका नहीं मिला और सांडों की भिड़ंत के बीच मोटरसाइकिल भी उनकी चपेट में आ गई। टक्कर लगने से ओमकार और अमन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को भमोरा के सरकारी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने ओमकार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अमन का उपचार शुरू कर दिया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि ओमकार के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। उसकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है और वह घर में अकेला रहता था। युवक की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# तीन मुकदमों में वांछित संजू गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

> ▸ पुलिस से बचने के लिए बदल रहा था ठिकाने, तहसील से लठैता जाने वाली सड़क पर दबोचा, 7 मुकदमे दर्ज

**बरेली।** आंवला पुलिस ने जानलेवा हमले और पुलिस मुठभेड़ समेत तीन मुकदमों में वांछित चल रहे 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तहसील से मोहल्ला लठैता जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार बेहटा चौहान गांव निवासी संजू पुत्र लालाराम के खिलाफ आंवला थाने में जानलेवा हमले और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा वह वर्ष 2026 में दर्ज एक पुलिस मुठभेड़ के मामले में भी वांछित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। रविवार को पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि संजू तहसील से लठैता जाने वाली सड़क पर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर सुबह 11:27 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में संजू ने पुलिस को बताया कि वह मुकदमों में वांछित होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदलकर रह रहा था। पुलिस की लगातार दबिश के कारण वह अपने ठिकानों पर छिपकर रह रहा था। रविवार को वह वहां से बाहर निकलने की फिराक में था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार संजू के खिलाफ आंवला थाने में चोरी, मारपीट, धमकी, जानलेवा हमले और एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2023 का चोरी व माल बरामदगी का मामला, वर्ष 2024 के कई मुकदमे तथा वर्ष 2025 और 2026 में दर्ज गंभीर धाराओं के मामले शामिल हैं। वर्ष 2026 में उसके खिलाफ पुलिस मुठभेड़ और आर्म्स एक्ट से संबंधित मुकदमा भी दर्ज हुआ है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नितिन शर्मा और आरक्षी 1139 गौतम कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# नशे के खिलाफ युवाओं ने लिया जागरूकता का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

> **निबंध प्रतियोगिता में प्रशांत व निशा रहे प्रथम**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज, मीरगंज में रविवार को प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी संकल्प "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत–संकल्प अभियान" के अंतर्गत "नशा : एक अभिशाप" विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. एस.के. सिंह के निर्देशन में किया गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों और इससे समाज व युवा पीढ़ी पर पड़ने वाले प्रभावों को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रशांत एवं निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शैक्षिक वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए क्विज का भी आयोजन हुआ। इसमें कॉलेज के रोवर-रेंजर्स, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शिव प्रताप सिंह, प्रभारी रोवर एवं रेंजर्स द्वारा किया गया। आयोजकों ने युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

## एक नजर

### जिले में स्वाइन फ्लू के पांच मामले, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**बरेली।** जिले में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के पांच मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मॉडल टाउन निवासी 60 वर्षीय महिला का राजेंद्रनगर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं बरेली के चार अन्य संक्रमित नोएडा के निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित की है, जो महिला के घर पहुंचकर संक्रमण के स्रोत और संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाएगी। विभाग को आशंका है कि महिला दिल्ली-एनसीआर की यात्रा के दौरान संक्रमित हुई होगी। आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि नोएडा में स्वाइन फ्लू के मामले 150 से अधिक हो चुके हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है।

# अप्सरा नदी में तीन किशोर डूबे, दो बचाए, एक लापता

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ 13 वर्षीय सुभाष को बचाने नदी में उतरे थे रामवीर और शिवांश, तेज धार में बहा शिवांश, एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में रविवार को अप्सरा नदी की तेज धार ने एक हादसे को जन्म दे दिया। नदी में डूब रहे 13 वर्षीय सुभाष को बचाने के लिए दो किशोर रामवीर और शिवांश भी पानी में उतर गए। तेज बहाव के कारण तीनों मुश्किल में फंस गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने सुभाष और रामवीर को किसी तरह बाहर निकाल लिया, लेकिन शिवांश तेज धारा में बह गया। देर तक तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। बताया गया कि सुभाष नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर डूबने लगा था। उसे परेशानी में देख रामवीर और शिवांश ने उसकी मदद के लिए नदी में छलांग लगा दी। दोनों ने सुभाष को संभालने का प्रयास किया, लेकिन बहाव इतना तेज था कि तीनों पानी के साथ बहने लगे।

हादसा देखकर नदी किनारे मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ग्रामीण तत्काल नदी में उतरे और जोखिम उठाकर सुभाष व रामवीर को बाहर निकाल लिया। दोनों को सुरक्षित देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली, जबकि शिवांश के लापता होने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हाफिजगंज पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शिवांश की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। नदी के संभावित हिस्सों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ग्रामीण भी रेस्क्यू टीमों के साथ तलाश में जुटे हैं। घटना के बाद नदी किनारे लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन शिवांश के मिलने की आस लगाए बैठे हैं। प्रशासन ने नदी के तेज बहाव को देखते हुए लोगों से पानी के आसपास जाने में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। फिलहाल शिवांश की तलाश जारी है।

# डीजे विवाद पर दरगाह का बड़ा फैसला, अंजुमन की कमेटी भंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जश्ने-ईद मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस-ए-मुहम्मदी में प्रतिबंध के बावजूद डीजे बजने का मामला तूल पकड़ गया है। तेज आवाज में डीजे और उसके सामने नाचती-झूमती भीड़ के वीडियो व तस्वीरें सामने आने के बाद दरगाह आला हजरत ने भी सख्त रुख अपनाया है। दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां ने जुलूस की व्यवस्था संभालने वाली अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल की कमेटी भंग कर दी है। पूरे मामले की जांच के लिए नई कमेटी गठित करने का फैसला भी लिया गया है।

जुलूस से पहले ही दरगाह प्रबंधन और उलमा की ओर से डीजे नहीं लाने की स्पष्ट हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद जुलूस में कई डीजे पहुंचने से अब व्यवस्था और निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। प्रस्तावित जांच कमेटी में उलमा के साथ शहर के बुद्धिजीवियों और सम्मानित लोगों को शामिल किए जाने की तैयारी है। कमेटी यह पता लगाएगी कि प्रतिबंध के बावजूद डीजे जुलूस का हिस्सा कैसे बने और निर्देशों को लागू कराने में कहां चूक हुई। इस बार पुलिस ने भी डीजे को लेकर कार्रवाई की। कोहाड़ापीर से दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की मौजूदगी में रवाना हुए जुलूस में चार डीजे सिस्टम और उनके वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा तिलियापुर क्षेत्र से सीबीगंज स्थित मदरसा जामियातुर्रजा की ओर जा रहे जुलूस में शामिल सात डीजे पर कार्रवाई हुई। कुल मिलाकर पुलिस ने 11 डीजे सिस्टम और उनसे जुड़े वाहनों को सीज किया। बरेली के जुलूस-ए-मुहम्मदी की पहचान लंबे समय से अदब और अनुशासन के साथ निकलने वाले जुलूस की रही है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में डीजे साउंड का चलन बढ़ा है। हर बार उलमा और दरगाह की ओर से डीजे से परहेज करने की अपील की जाती रही है। इस बार कार्रवाई के बाद आयोजकों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। जांच कमेटी यह भी देखेगी कि कहीं किसी स्तर पर निर्देशों की अनदेखी तो नहीं हुई। दरगाह से जुड़े लोगों के मुताबिक जांच का उद्देश्य जिम्मेदारी तय करने के साथ भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकना भी है।

दरगाह स्तर पर आगामी जुलूसों को लेकर नियम और निगरानी व्यवस्था और सख्त किए जाने की तैयारी है, ताकि धार्मिक जुलूस की गरिमा और अनुशासन प्रभावित न हो।

# चार माह पहले प्रेम विवाह, अब फंदे पर मिली विवाहिता की लाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ देवरनियां में पति से विवाद के बाद संदिग्ध मौत, इंदौर से मायके वाले रवाना, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**बरेली।** प्रेम विवाह के महज चार महीने बाद देवरनियां में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार देर शाम उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना से कुछ समय पहले पति-पत्नी के बीच विवाद होने की बात सामने आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी आलिया का देवरनियां के हिसामुद्दीन वार्ड नंबर-13 निवासी नन्हा मिस्त्री के बेटे साजिद से प्रेम प्रसंग था। करीब चार महीने पहले दोनों ने शादी कर ली थी। विवाह के बाद आलिया पति के साथ देवरनियां में रह रही थी। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम किसी बात को लेकर आलिया और साजिद के बीच कहासुनी हुई थी। विवाद के कुछ देर बाद आलिया का शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ अरुण कुमार और थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस टीम व फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। आलिया के मायके वालों को सूचना दे दी गई है और वे इंदौर से देवरनियां के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति केपी सिंह के सम्मान में शिक्षकों ने किया अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ संघ ने कार्यकाल की उपलब्धियों को सराहा, 48 शिक्षकों की पदोन्नति को बताया बड़ी उपलब्धि

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह के सम्मान में रविवार को शिक्षक संघ की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सभागार में हुए कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने कुलपति के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सिंह और महामंत्री डॉ. सुरेश कुमार ने कुलपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। अध्यक्ष ने कहा कि प्रो. केपी सिंह ने विश्वविद्यालय को आगे ले जाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उनके अनुसार कुलपति की कार्यशैली में नेतृत्व क्षमता के साथ समाज और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता भी दिखाई देती है। शिक्षक संघ की ओर से विशेष रूप से करीब 48 शिक्षकों की पदोन्नति को बड़ी उपलब्धि बताया गया। कहा गया कि इन पदोन्नतियों से कई वर्षों से लंबित शिक्षकों की उम्मीद पूरी हुई और शिक्षक हित में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

**'नेता में अभिभावक जैसा भाव जरूरी'**

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक अच्छे नेतृत्वकर्ता में अभिभावक जैसा भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास को ध्यान में रखकर बनाई गई नीतियां आने वाले समय में भी संस्थान के लिए उपयोगी साबित होंगी। कुलसचिव महेंद्र कुमार और डीन एकेडमिक प्रो. एसके पांडे ने भी कुलपति के कार्यकाल में विश्वविद्यालय के विकास के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। महामंत्री डॉ. सुरेश कुमार ने कुलपति के व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों का उल्लेख करते हुए उन्हें समाज सुधार की सोच रखने वाला व्यक्तित्व बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सिंह ने किया, जबकि महामंत्री डॉ. सुरेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. एसएस बेदी, प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. भोला खान, प्रो. विनय ऋषिवाल, डॉ. पवन सिंह, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और एबीवीपी के संगठन मंत्री व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में घेरा, नारेबाजी के बीच कुलपति से मांगा जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पांच एफआईआर वापस लेने समेत अटल सभागार, भर्ती और पेड़ों की कटाई पर उठाए सवाल, धक्का-मुक्की की नौबत

▸ जाते-जाते बोले केपी सिंह- यह विदाई कभी नहीं भूलूंगा

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कृष्ण पाल सिंह के कार्यकाल का आखिरी दिन आने से पहले रविवार को आयोजित विदाई समारोह में अचानक विरोध के स्वर गूंजने लगे। कार्यक्रम के बीच पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कुलपति का घेराव कर दिया।

कार्यकर्ताओं ने करीब एक वर्ष पहले आंदोलन के दौरान दर्ज कराई गई पांच एफआईआर वापस लेने की मांग के साथ अटल सभागार, भर्ती प्रक्रिया, पेड़ों की कटाई और अन्य कथित अनियमितताओं पर भी कुलपति से जवाब मांगा। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब कुलपति को बाहर ले जाते समय धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। रुहेलखंड विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन की ओर से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सभागार में विदाई कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान एबीवीपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। उन्होंने कुलपति के कार्यकाल से जुड़े मुद्दे उठाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय में प्रस्तावित अटल सभागार के निर्माण में कथित गड़बड़ियों की जांच कराने की मांग की। भर्ती प्रक्रिया और परिसर में पेड़ों की कटाई समेत दूसरे मामलों पर भी सवाल उठाए गए। विरोध बढ़ने पर चीफ प्रॉक्टर, सुरक्षा प्रभारी, शिक्षक और सुरक्षाकर्मी सक्रिय हो गए। कुलपति को सुरक्षा घेरे में सभागार से बाहर निकालने की कोशिश हुई तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया और पहले अपनी बात सुनने की मांग की। इसी दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने प्लेसमेंट सेल का दरवाजा भी बंद कर दिया था। कुलपति किसी तरह सभागार से निकलकर कार तक पहुंचे, लेकिन वहां भी कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। कार का दरवाजा बंद कर कार्यकर्ताओं ने अपने सवालों का जवाब देने की मांग की। हालांकि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति संभाल ली और मामला किसी बड़ी घटना में तब्दील नहीं हुआ। एबीवीपी के पूर्व पदाधिकारी श्रेयांश ने कार्यकर्ताओं की ओर से कुलपति के सामने मांगें रखीं।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आंदोलन के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज हुई थीं। कुलपति का कार्यकाल पूरा होने से पहले इन्हें वापस लेने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। इसके साथ ही अटल सभागार समेत अन्य कथित अनियमितताओं की जांच की मांग भी रखी गई। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हर कार्यकाल में कुछ अच्छा और कुछ बुरा होता है। एफआईआर के संबंध में उन्होंने शपथ पत्र पर लिखकर देने और मुकदमे हटवाने की दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिया। आश्वासन के बाद कार्यकर्ता शांत हो गए और कुलपति उनके साथ दोबारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कुछ देर रुकने के बाद विदाई समारोह फिर शुरू हुआ।

विरोध करने वाले एबीवीपी कार्यकर्ता भी बाद में सभागार की पहली पंक्ति में बैठकर कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रो. केपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं की ओर से मिली यह विदाई वह कभी नहीं भूलेंगे। प्रो. कृष्ण पाल सिंह का कुलपति के रूप में कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है। कार्यकाल खत्म होने से एक दिन पहले विदाई समारोह में हुआ यह विरोध विश्वविद्यालय परिसर में चर्चा का विषय बना रहा।

# स्टेशन जा रहे हैं तो रखे ध्यान... गंदगी की तो जेब पर पड़ेगा असर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था बिगाड़ने वालों की अब खैर नहीं। स्टेशन परिसर में पान-गुटखा खाकर थूकना, कूड़ा इधर-उधर फेंकना या सार्वजनिक स्थान को गंदा करना यात्रियों को महंगा पड़ सकता है। रेलवे ने ऐसे मामलों में जुर्माने की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी है। पहले यह राशि 500 रुपये तक थी।

रेलवे के नए प्रावधानों के तहत स्टेशन परिसर में थूकने, कचरा फैलाने और सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने के अलावा रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराने के साथ स्टेशन परिसर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जिम्मेदार बनाना है। नियम तोड़ने के बाद जुर्माना नहीं भरना भी भारी पड़ सकता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मौके पर निर्धारित जुर्माना देने से इनकार करने वाले व्यक्ति को सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जा सकता है। कोर्ट की ओर से ऐसे मामले में 2000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि स्टेशन पर रखे डस्टबिन का ही इस्तेमाल करें और सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करें। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे रोजाना सफाई व्यवस्था पर काम करता है, लेकिन यात्रियों के सहयोग के बिना स्टेशन को स्वच्छ रखना मुश्किल है। सीएमआई मो. इमरान ने कहा कि स्टेशन परिसर को साफ रखना रेलवे और यात्रियों की साझा जिम्मेदारी है।

# सवारी बनकर ऑटो में बैठे, सुनसान रास्ते पर चालक को लूटा

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ दो किलो का बाट सिर पर मारकर गमछे से कसा गला, ऑटो लेकर भागे, दो सगे भाई गिरफ्तार, साथी फरार

**बरेली।** ऑटो लूटने के लिए तीन युवकों ने पहले सवारी बनने का नाटक किया और चालक को सुनसान रास्ते तक ले गए। मौका मिलते ही पीछे से उसके सिर पर करीब दो किलो का लोहे का बाट दे मारा। इसके बाद गले में गमछा कसकर उसे सड़क पर गिरा दिया और ऑटो लेकर फरार हो गए। भोजीपुरा पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए दो सगे भाइयों विशाल उर्फ छोटू और भारत रत्न को गिरफ्तार कर लिया है। उनका तीसरा साथी शिवम अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। सुभाषनगर के सनिया धन सिंह निवासी सग्गन ऑटो चलाते हैं। पुलिस के अनुसार सेमीखेड़ा निवासी विशाल, उसका भाई भारत रत्न और शिवम बाइक से बरेली आए थे। तीनों ने ऑटो लूटने की योजना बनाई और सिटी स्टेशन से सग्गन का ऑटो जादौपुर जाने के लिए 500 रुपये में बुक किया। भारत रत्न और शिवम ऑटो में बैठ गए, जबकि विशाल बाइक से पीछे चलता रहा।

जादौपुर पहुंचने के बाद आरोपियों ने चालक को वसुंधरा ढाल से शेरगढ़ की ओर जाने वाले रास्ते पर चलने के लिए तैयार कर लिया। रात के समय सुनसान सड़क देखकर आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक शिवम ने थैले से लोहे का बाट निकालकर चालक के सिर पर वार किया। उसी समय भारत रत्न ने गमछे से उसका गला पीछे की ओर खींच दिया। हमले में चालक सड़क पर गिर गया और आरोपी ऑटो लेकर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी ऑटो को सेमीखेड़ा ले गए और दुकानों के अंदर छिपा दिया। उनका इरादा कुछ दिन मामला शांत होने के बाद ऑटो को बेचने या किसी अन्य तरीके से ठिकाने लगाने का था। चालक की शिकायत पर भोजीपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार तड़के तीनों आरोपी ऑटो को ठिकाने लगाने के लिए सेमीखेड़ा से बरौर जाने वाले रास्ते पर पेट्रोल पंप के पास जुटे थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर रात करीब 2:12 बजे विशाल और भारत रत्न को दबोच लिया। पुलिस को देखकर शिवम भाग निकला। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया ऑटो यूपी 25 जेटी 0829 बरामद कर लिया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा और तीन कारतूस भी मिले। इसके बाद दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का अलग मुकदमा दर्ज किया गया। लूट के मामले में भी बरामदगी के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों बेरोजगार हैं और मौज-मस्ती व नशे के लिए रुपये जुटाने के इरादे से वारदात की थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों भाइयों पर देवरनियां थाने में वर्ष 2025 में भी मुकदमा दर्ज है। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा किया। पुलिस टीम अब फरार शिवम की तलाश में दबिश दे रही है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### बिजली बोर्ड में तार लगाते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**बिनावर।** थाना क्षेत्र के नरखेड़ा गांव में बिजली बोर्ड में तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से 43 वर्षीय चंद्रभान गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद परिजनों में अफरातफरी मच गई। परिजनों ने बिजली का तार काटकर चंद्रभान को बचाने का प्रयास किया और आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। चंद्रभान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# सीकरी में बवाल के बाद खामोश गलियां, पुलिस की नजर में हर कड़ी

## प्रतिमा स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद पथराव तक पहुंचा, वीडियो फुटेज से आरोपियों की भूमिका तलाश रही पुलिस; गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीकरी गांव में पहरा देती पुलिस।



सीकरी गांव में सुनसान पड़ी गलियां।



गांव में गाड़ी से गस्त करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** राजा की सीकरी में मंगलवार शाम प्रतिमा स्थापना को लेकर हुए बवाल के बाद अब गांव में स्थिति सामान्य है। जिन गलियों में कुछ घंटे पहले तक पुलिस-प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी, वहां अब शांति है। हालांकि, पुलिस की जांच अभी जारी है। घटना से जुड़े वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस बवाल में शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है। मामला सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास से शुरू हुआ था। प्रशासन ने बिना अनुमति सरकारी भूमि पर प्रतिमा लगाने पर आपत्ति जताई थी। पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो विरोध बढ़ गया। काफी देर तक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर स्थिति शांत रखने का प्रयास किया, लेकिन शाम होते-होते मामला बिगड़ गया।

**पुलिस टीम पर हुआ पथराव :** विवाद के दौरान भीड़ और पुलिस-प्रशासन की टीम के बीच टकराव की स्थिति बन गई। इसी दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया गया। पथराव में वाहनों के शीशे टूट गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर वह कौन सा घटनाक्रम था, जिसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम को क्रमवार जोड़कर देखा जा रहा है।

**वीडियो फुटेज से तलाशे जा रहे चेहरे :** घटना के बाद सामने आए वीडियो और अन्य साक्ष्यों को पुलिस ने जांच का आधार बनाया है। फुटेज के जरिए मौके पर मौजूद लोगों की पहचान और उनकी भूमिका की पड़ताल की जा रही है। पुलिस यह भी देख रही है कि पथराव के दौरान कौन लोग सक्रिय थे और किसकी भूमिका विवाद बढ़ाने में रही। पुलिस का प्रयास है कि कार्रवाई केवल आरोपों या नामजदगी तक सीमित न रहे, बल्कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संबंधित लोगों की भूमिका तय की जाए।

**चार नामजद महिलाएं गिरफ्तार :** पुलिस जांच में महिलाओं की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, बवाल के दौरान कुछ महिलाओं को भीड़ के आगे खड़ा कर पुलिस-प्रशासन का रास्ता रोकने का प्रयास किया गया। मामले में चार नामजद महिलाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार महिलाओं में लक्ष्मी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मी फरार मुख्य आरोपी मानसिंह की पत्नी है। पुलिस अब मानसिंह समेत अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जा सकती है।

**गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात :** बवाल के बाद सीकरी में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की मौजूदगी का उद्देश्य गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ किसी भी तरह की अफवाह या दोबारा तनाव की स्थिति को रोकना है। पुलिस लगातार गांव की गतिविधियों पर नजर रख रही है। अधिकारियों की प्राथमिकता गांव में सामान्य माहौल बनाए रखने की है। ग्रामीणों से भी अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी तरह की भड़काऊ सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी देने की अपील की जा रही है।

**जांच के साथ भरोसा कायम रखने की चुनौती :** सीकरी में पुलिस के सामने फिलहाल दोहरी चुनौती है। एक ओर बवाल के पीछे जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कार्रवाई करनी है, वहीं दूसरी ओर गांव में शांति और आपसी विश्वास का माहौल बनाए रखना है। पुलिस इसी दिशा में जांच और सुरक्षा व्यवस्था दोनों को आगे बढ़ा रही है। प्रतिमा स्थापना से शुरू हुआ विवाद अब पुलिस जांच के घेरे में है। कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मंगलवार शाम घटनाक्रम किस तरह विवाद से पथराव तक पहुंचा, इसकी कड़ियां जोड़ने में पुलिस जुटी हुई है। फिलहाल सीकरी की गलियों में शांति है, लेकिन पुलिस की जांच में मंगलवार शाम का घटनाक्रम अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है।

# संग्रामपुर में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, प्रधान के भाई समेत छह पर मुकदमा

## हवाला कारोबार से जुड़े होने के आरोपों के बीच पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल, गांव में गुटबंदी से तनाव की आशंका; गौकशी की साजिश से जुड़ा कथित ऑडियो भी हो चुका है वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय



युवक के साथ मारपीट करते लोग। -जागरण मोर्चा



मारपीट के बाद मौके पर जुटी भीड़। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत संग्रामपुर में युवक की घेरकर पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान के भाई समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में कार्रवाई की है। वहीं, गांव में गुटबंदी और आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने को लेकर तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

संग्रामपुर निवासी मोहम्मद इरम पुत्र मुर्तजा के मुताबिक वह अपने घर के पास चौक पर बारहवफात के मौके पर हुई सजावट देखने के लिए बैठा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होने का दावा किया जा रहा है। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

पीड़ित का आरोप है कि उस पर हमला पूर्व नियोजित तरीके से किया गया और इसमें ग्राम प्रधान की भी संलिप्तता है। उसकी तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहरोज नवी के भाई सारिक नवी, हिस्ट्रीशीटर बताए जा रहे गुलफाम, सुल्तान नवी, इमरान समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**हवाला कारोबार को लेकर भी लगाए जा रहे आरोप :** संग्रामपुर लंबे समय से हवाला कारोबार के आरोपों को लेकर चर्चा में रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि गांव के कई युवकों के खिलाफ दूसरे राज्यों में धोखाधड़ी और हवाला कारोबार से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। कुछ आरोपी जेल से जमानत पर बाहर भी आ चुके हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों की स्थानीय स्तर पर गंभीरता से जांच नहीं होने के कारण आरोपियों के हौसले बढ़ रहे हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई महज मुकदमा दर्ज करने तक सीमित रहने से गांव में गुटबंदी बढ़ रही है। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच कभी भी बड़ा विवाद होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**गौकशी की साजिश से जुड़ा कथित ऑडियो भी वायरल :** इसी बीच करीब दो माह पहले संग्रामपुर से जुड़ा एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आरोप है कि तत्कालीन चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव को बदनाम करने के उद्देश्य से कुछ लोगों ने गौकशी की साजिश रचने की योजना बनाई थी। बातचीत रिकॉर्ड होने के बाद इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का दावा किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की थी। बाद में कथित रूप से राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी सामने आए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वायरल ऑडियो की सत्यता और उसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। कथित ऑडियो को वायरल करने में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी जांच के दायरे में बताया जा रहा है।

**एसएसपी को भेजी गई जांच रिपोर्ट :** प्रभारी निरीक्षक बिसौली कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वायरल ऑडियो के मामले में जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश प्राप्त होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और ऑडियो की सत्यता की जांच के साथ आरोपों में शामिल लोगों की भूमिका भी जांची जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### बाजार गईं दो बहनों समेत तीन युवतियां लापता, 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**कुंवरगांव।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव पनौटा से दो बहनों समेत तीन युवतियों के अचानक लापता होने से हड़कंप मचा हुआ है। तीनों शनिवार दोपहर कुंवरगांव की साप्ताहिक बाजार में खरीदारी और दवाई लेने के लिए घर से निकली थीं। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पनौटा निवासी रतनपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी दो बेटियां दीपाली (22) और दीक्षा (16) तथा पड़ोसी अमर सिंह की बेटी निकिता (17) शनिवार 29 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे घर से कुंवरगांव की साप्ताहिक बाजार जाने के लिए निकली थीं। तीनों को बाजार से खरीदारी के साथ दवाई भी लेनी थी। देर शाम तक जब वे घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों को चिंता हुई और उनकी तलाश शुरू की गई। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर तीनों के बारे में जानकारी की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बताया गया है कि निकिता बीए की छात्रा है और तीनों किशोरियां आपस में साथ रहती थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक सुभाष चंद आर्य को सौंपी है। पुलिस तीनों की तलाश में संभावित स्थानों पर जानकारी जुटा रही है। उनके बाजार जाने के दौरान किन लोगों से संपर्क हुआ और वह किन परिस्थितियों में लापता हुईं, इसकी भी जांच की जा रही है। एक साथ तीन युवतियों के लापता होने से गांव और क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वहीं परिजन किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। घटना के 24 घंटे बाद भी तीनों का पता नहीं चलने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।

# सांडों की भिड़ंत बनी काल, कच्ची दीवार के मलबे में दबकर महिला ने तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय



इसी मलबे में दबकर गई महिला की जान। -जागरण मोर्चा

**बिल्सी।** गांव गढ़ी में शनिवार रात दो आवारा सांडों की भिड़ंत एक महिला की जान पर भारी पड़ गई। लड़ते हुए सांड कच्चे मकान की दीवार से जा टकराए, जिससे दीवार गिर गई और अंदर सो रही महिला अखिल मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

हादसे के बाद दीवार गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर मलबा हटाया और महिला को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

ग्रामीणों के अनुसार महिला अपने सात वर्षीय नाती आरिफ के साथ गांव में रहती थी, जबकि उसके दोनों बेटे दिल्ली में काम करते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों बेटे दिल्ली से गांव के लिए रवाना हो गए। महिला की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर बिल्सी पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। हादसे के बाद ग्रामीणों ने गांव में घूम रहे आवारा सांडों को लेकर चिंता जताई और प्रशासन से इनसे निजात दिलाने की मांग की।

### फर्राटा पंखे में करंट आने से नौ वर्षीय बालक की मौत

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के सहावर खेड़ा गांव में शनिवार रात कमरे में रखी कुठिया से गेहूं लेने गए नौ वर्षीय बालक आयुष की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। बेटे को अचेत हालत में देखकर मां बेसुध हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी बिसौली पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गांव निवासी आयुष के चचेरे भाई सरवन सिंह ने बताया कि आयुष ने अपनी कोई चीज लेने के लिए मां से पैसे मांगे थे। मां ने उसे कमरे में रखी कुठिया से गेहूं निकालने के लिए कहा। आयुष गेहूं लेने कमरे में गया था। इसी दौरान पास रखे फर्राटा पंखे में करंट आने से वह उसकी चपेट में आ गया। कुछ देर बाद मां कमरे में पहुंची तो आयुष अचेत अवस्था में पड़ा था। उसके पास गेहूं की थैली भी पड़ी थी। बेटे को इस हालत में देखकर मां चीख पड़ी और बेसुध हो गई।

# दो महीने से ब्लैकआउट, ग्रामीणों ने जेई पर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**ओरछी।** ब्लॉक आसफपुर क्षेत्र के गांव कनुआखेड़ा में पिछले करीब दो महीने से बिजली संकट बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नया ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) द्वारा कथित तौर पर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार रात ट्रांसफार्मर के पास एकत्र होकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव में लंबे समय से बिजली व्यवस्था बदहाल है। बार-बार फॉल्ट और ट्रिपिंग के अलावा लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। कई बार अचानक हाई-वोल्टेज आने से घरों में लगे विद्युत उपकरण भी खराब हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने के बावजूद विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर जब जेई से शिकायत की गई तो नया ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए कथित तौर पर 50 हजार रुपये की मांग की गई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। हालांकि रिश्वत मांगने के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**बिजली संकट के बीच परिवार का कमाऊ सदस्य गंवाया :** ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बिजली व्यवस्था की समस्या के बीच 11 अगस्त को गांव में एक गरीब और भूमिहीन परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य की बिजली से हुए हादसे में मौत हो गई। इससे परिवार के पांच बच्चे अनाथ हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद भी गांव की बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

**समाधान नहीं हुआ तो बिजलीघर पर देंगे धरना :** प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गांव में नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया और बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो वे बच्चों और महिलाओं के साथ बिजलीघर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। ग्रामीणों ने कथित रिश्वत मांगने के आरोप की जांच और संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## कार्रवाई

### विद्यालय में निरीक्षण के दौरान उजागर हुईं प्रशासनिक व शैक्षणिक खामियां

# संविलियन विद्यालय ज्योंरा पारवाले के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय



> स्पष्टीकरण न मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है और निष्पक्ष जांच के आदेश दे दिए गए हैं।
>
> -नवीन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

**बदायूं।** उझानी क्षेत्र के ज्योंरा पारवाले गांव के संविलियन विद्यालय में अनियमितताएं पाए जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर गाज गिरी है। बीएसए के औचक निरीक्षण में मिली खमियों को लेकर यह कार्रवाई की गई है। बीएसए नवीन कुमार ने बताया कि निरीक्षण में मिली खामियों पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन तय समय सीमा में कोई जवाब न देने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दरअसल इंटरनेट मीडिया पर कुछ दिनों से स्कूल की गंदगी का वीडियो प्रसारित हो रहा था, जिसकी हकीकत को जानने को बीएसए नवीन कुमार ज्योंरा पारवाले गांव के संविलियन विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई खामियां उजागर हुईं। रसोईयों ने बताया कि बच्चों को मानकों के अनुरूप भरपेट भोजन नहीं दिया जाता और मध्याह्न भोजन पंजिका भी अद्यतन नहीं पाई गई। विद्यार्थियों और रसोइयों द्वारा प्रधानाध्यापक पर पठन-पाठन और प्रशासनिक कार्यों में घोर लापरवाही के आरोप लगाए गए। गणित विषय के शिक्षक होने के बावजूद कक्षाओं में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बेहद खराब मिली। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के शौचालय अत्यंत गंदे और बदहाल स्थिति में पाए गए, जबकि पेयजल तथा हैंडवाश की टोंटियों में पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। सौंदर्यीकरण, खेल सामग्री और विज्ञान किट के उचित उपयोग न होने, डिजिटल पंजिका व अपार आईडी संबंधी विभागीय निर्देशों का पालन न करने पर बीएसए ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। तय समय में संतोषजनक जवाब न मिलने और अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता बरतने पर प्रधानाध्यापक पर निलंबन की कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि के दौरान अनिल कुमार को ब्लाक संसाधन केंद्र उझानी से संबद्ध किया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सालारपुर सुनील कुमार को जांच अधिकारी बनाया गया है। -विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### फोन पर युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप, ऑडियो वायरल

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के मुडारी सिधारपुर गांव में एक युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप सामने आया है। मामले से जुड़ा एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में एक महिला और युवक के बीच बातचीत होने तथा कथित तौर पर एक युवक की हत्या की योजना बनाए जाने की बात कही जा रही है। ऑडियो वायरल होने के बाद संबंधित युवक ने सहसवान कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने महिला और युवक पर उसकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर गांव में भी चर्चा का माहौल है। पीड़ित का आरोप है कि वायरल ऑडियो में उसकी हत्या को लेकर बातचीत की जा रही है, जिससे उसे अपनी जान का खतरा है।

# कटे कनेक्शन जोड़कर फिर कर रहे थे बिजली चोरी, छह पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली चेक करते विजिलेंस के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** बिजली चोरी और बकाया बिलों को लेकर बिजली विभाग ने शनिवार को सहसवान क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। 33/11 विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में विभाग और प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 30 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और बिजली चोरी के मामलों में 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। टीम की कार्रवाई से दिनभर बिजली उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी की स्थिति रही।

उपखंड अधिकारी जयप्रकाश के नेतृत्व में अवर अभियंता रविकांत तथा विद्युत प्रवर्तन दल बदायूं के हरिपाल सिंह माही, सच्चिदा समेत कर्मचारियों ने कई मोहल्लों और बाजार क्षेत्रों में जांच की। टीम ने 10 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 30 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए।

चेकिंग के दौरान छह उपभोक्ता ऐसे मिले, जिनके बिजली कनेक्शन बकाया के चलते पहले काटे जा चुके थे। इसके बावजूद इन लोगों ने लाइन को अवैध तरीके से दोबारा जोड़ लिया और बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। विभाग ने इनके खिलाफ धारा 138-बी के तहत कार्रवाई की। वहीं, बिना वैध कनेक्शन के दुकानों में बिजली का इस्तेमाल करने वालों पर भी मुकदमे दर्ज कराए गए। अभियान के दौरान टीम ने बकाया बिलों की वसूली भी की। विभाग के मुताबिक कुल 3.25 लाख रुपये राजस्व की वसूली हुई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि बिजली चोरी और अवैध रूप से कनेक्शन जोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।







# ड्रग इंस्पेक्टर पर महीनादारी वसूली के आरोप, एक और वीडियो वायरल

## कादरचौक के जोरी नगला में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलवाने का दावा, लेट होने पर छापेमारी और 3.50 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश कुमार।



मेडिकल स्टोर संचालक हरिओम शाक्य। -जागरण मोर्चा

**कादरचौक।** जिले में दवा कारोबार की निगरानी करने वाले ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोशल मीडिया पर उनका एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मेडिकल स्टोर संचालकों से कथित तौर पर महीनादारी वसूली और बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलवाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। वीडियो में किए जा रहे दावों ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की जागरण मोर्चा समाचार पत्र स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि मामला कादरचौक थाना क्षेत्र के जोरी नगला गांव का है। वायरल वीडियो और उससे जुड़े आरोपों के मुताबिक यहां एक मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस के संचालित कराया जा रहा था। आरोप है कि मेडिकल स्टोर संचालक से हर महीने एक निश्चित रकम ली जाती थी और इसके एवज में दुकान के संचालन में कथित तौर पर सहूलियत दी जा रही थी। कुछ समय तक यह व्यवस्था चलती रही, लेकिन कथित महीनादारी की रकम देने में देरी होने पर मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर दी गई।

वीडियो में दावा किया जा रहा है कि छापेमारी के बाद मेडिकल स्टोर संचालक से करीब 3.50 लाख रुपये की रकम ली गई। करीब दो लाख रुपये की दवा सील कर दी गई। आरोप है कि रकम न देने अथवा भुगतान में देरी होने के कारण कार्रवाई की गई। वायरल वीडियो में इन आरोपों को लेकर बातचीत का हवाला दिया जा रहा है। यदि वीडियो में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह दवा दुकानों के निरीक्षण और लाइसेंस व्यवस्था की गंभीरता पर बड़ा सवाल होगा।

ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद को लेकर इससे पहले भी रिश्वत से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उस वीडियो को लेकर भी विभागीय स्तर पर सवाल उठे थे। उस समय कथित तौर पर रिश्वत लेते दिखाई देने वाले व्यक्ति को रिटायर्ड कर्मचारी बताया गया था। अब दूसरा वीडियो सामने आने के बाद पूर्व मामले को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारियों के नाम पर इस तरह की वसूली हो रही है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराकर पूरी स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि जिले में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं तो उनकी नियमित जांच क्यों नहीं हो रही। वहीं, यदि किसी दुकान के पास लाइसेंस नहीं है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के बजाय कथित रूप से महीनादारी लेकर उसे चलने देने के आरोपों की भी जांच जरूरी है। दवा कारोबार सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा होने के कारण इस तरह के आरोपों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

जिले में नकली और बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री रोकने की जिम्मेदारी ड्रग विभाग की है। इसके लिए समय-समय पर मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण, दवाओं के नमूने लेने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर लाइसेंस संबंधी कार्रवाई की जाती है। ऐसे में वायरल वीडियो में लगाए गए आरोप विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि कई मेडिकल स्टोर संचालकों से कथित तौर पर हर महीने रकम वसूली जाती है।

कुछ दिन पहले सामने आए वीडियो के बाद भी अब तक स्पष्ट कार्रवाई न होने की बात भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब नया वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन की जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि मामले की जांच केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहकर यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि वीडियो में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और यदि वसूली हुई है तो रकम किसके माध्यम से ली गई।

हालांकि वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद अथवा संबंधित विभाग का पक्ष इस संबंध में सामने नहीं आया है। आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# जच्चा-बच्चा की मौत के बाद पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर सील

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**सहसवान।** हरदतपुर रोड स्थित पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल संचालक द्वारा वैध पंजीकरण और आवश्यक मानक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

चिकित्सा अधीक्षक प्रशांत त्यागी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत की जानकारी सामने आई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं द्वारा गठित टीम को जांच के निर्देश दिए गए। रविवार 30 अगस्त को तहसीलदार सहसवान और चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान की मौजूदगी में अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान अस्पताल संचालक से वैध पंजीकरण सहित चिकित्सा संचालन से संबंधित आवश्यक अभिलेख मांगे गए, लेकिन वह इन्हें प्रस्तुत नहीं कर सके। आदेश में कहा गया है कि संबंधित केंद्र का आवश्यक पंजीकरण नहीं कराया गया था और बिना वैध अनुमति के चिकित्सा व्यवसाय किए जाने की स्थिति सामने आई। अधिकारियों ने इसे संबंधित चिकित्सा कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन माना।

इसके बाद टीम ने नियमानुसार अस्पताल परिसर की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई। अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर, हरदतपुर रोड, सहसवान को सील कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, अस्पताल संचालक को पूर्व में भी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसका जवाब नहीं दिया गया।

सीलिंग की कार्रवाई तहसीलदार सहसवान और चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान की संयुक्त टीम ने की। कार्रवाई की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं, कोतवाली सहसवान के थाना प्रभारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को भी भेजी गई है।

जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में अस्पताल पर हुई कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग की भूमिका और निजी चिकित्सा केंद्रों के पंजीकरण व मानकों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# सोत नदी का पुल बंद, संपर्क मार्ग पर मंडरा रहा खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** सोत नदी का पुल बंद होने के बाद बनाया गया संपर्क मार्ग अब किसी बड़े खतरे की दस्तक दे रहा है। संपर्क मार्ग की पुलिया के नीचे से पानी का स्तर महज करीब दो फीट रह गया है। ऐसे में यदि एक रात भी तेज बारिश हो गई तो पानी पुलिया के ऊपर से बह सकता है और मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध होने की आशंका है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। गत वर्ष बारिश के दौरान इसी संपर्क मार्ग पर तेज बहाव से पानी गुजरा था। लगातार पानी के दबाव के चलते पुलिया भी जर्जर हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने पुलिया की मरम्मत या मजबूती के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सवाल यह है कि विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों है? सोत नदी के पुल के बंद होने के बाद यह संपर्क मार्ग बिसौली क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। इसी रास्ते से सहसवान, बिल्सी और इस्लामनगर की ओर आने-जाने वाले लोग गुजरते हैं। मार्ग बंद होने पर हजारों लोगों को लंबा चक्कर काटना पड़ेगा। किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और रोजाना आवागमन करने वालों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। बारिश का मौसम सामने है और पुलिया पहले ही अपनी हालत बयां कर रही है। पानी अपने प्रचण्ड बहाव पर है, लेकिन जिम्मेदार विभाग शायद पानी के सड़क पर आने का इंतजार कर रहा है। समय रहते पुलिया की मरम्मत नहीं हुई तो एक रात की बारिश बिसौली क्षेत्र की लाइफ लाइन की कड़ी तोड़ सकती है।

# दातागंज के हाई लॉस फीडर पर बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली चेकिंग करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाई लॉस फीडरों में लाइन लॉस कम करने और राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए विद्युत विभाग ने दातागंज के टीएन-1 हाई लॉस फीडर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने बिजली चोरी के 14 मामले पकड़े, जबकि 20 बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए। कार्रवाई के दौरान करीब एक लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया।

विद्युत विभाग की टीम ने क्षेत्र में घर-घर जाकर विद्युत कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान 14 घरेलू परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। जांच में अनियमितता मिलने के बाद संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से इन मामलों में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जा रही है। बिजली चोरी के खिलाफ हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। चेकिंग अभियान के दौरान टीम ने बिजली बिल का लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की। 20 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील की, जिससे कनेक्शन विच्छेदन जैसी कार्रवाई से बचा जा सके।

अभियान के दौरान विभाग ने बकाया बिलों की वसूली भी की। टीम ने मौके पर करीब एक लाख रुपये का राजस्व जमा कराया। अधिकारियों के मुताबिक हाई लॉस फीडरों पर बिजली चोरी रोकने के साथ राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# शादी के दो माह बाद फंदे पर लटका मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



जांच पड़ताल करती पुलिस। इंसेट में मृतक का फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के मड़िया भांसी गांव में रविवार तड़के 22 वर्षीय युवक का शव पशुशाला में फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की शादी महज दो माह पहले हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के ससुर ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस से जांच की मांग की है।

मड़िया भांसी गांव निवासी ओमवीर की शादी करीब दो माह पहले रिंकी के साथ हुई थी। परिजनों के मुताबिक रक्षाबंधन के बाद ओमवीर पत्नी को लेने उसके मायके गया था। आरोप है कि रिंकी उसके साथ वापस नहीं आई। शनिवार को ओमवीर अकेला ही अपने घर लौट आया। पत्नी के वापस न आने से वह काफी परेशान था। रविवार सुबह ओमवीर पशुओं को चारा डालने के लिए पशुशाला गया था। काफी देर तक वापस न आने पर परिजन वहां पहुंचे तो कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर ओमवीर के ससुराल पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। मृतक के ससुर बांदु राम ने आरोप लगाया कि ओमवीर ने आत्महत्या नहीं की है। उनका आरोप है कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया गया। सूचना पर कुंवरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप समाचार

### परिजनों ने लगाया आरोप, पुलिस की पिटाई से हुई राजेश की मौत



कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह परिवार से मिलने पहुंचे अटसेना गांव।

**बदायूं।** दातागंज थाने की हवालात में दलित युवक राजेश कोरी की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर पिटाई करने का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया है। मामले में कांग्रेस ने भी पीड़ित परिवार के पक्ष में आवाज उठाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। रविवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल अटसेना गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, महासचिव मोरपाल प्रजापति और इगलास हुसैन शामिल रहे। नेताओं ने मृतक के भाई ह्रदेश सिंह और पत्नी रूपवती से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम से फोन पर पीड़ित परिवार की बात भी कराई। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि दातागंज थाने की हवालात में राजेश कोरी की मौत की न्यायिक जांच होना न्यायहित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिवार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अब तक हुई पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। ऐसे में निष्पक्ष जांच से ही घटना की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। कांग्रेस ने बताया कि 31 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की जाएगी।

### स्व. ओंकार सिंह यादव की स्मृति में कबड्डी टूर्नामेंट, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते सपा विधायक बृजेश यादव।

**बिसौली।** स्वर्गीय ओंकार सिंह यादव पूर्व विधायक एवं मंत्री की स्मृति में रविवार को ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए मैदान पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहसवान विधायक बृजेश यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि खेलों में प्रतिभा के साथ अनुशासन और खेल भावना का विशेष महत्व है। युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। आकाश मिश्रा ने बताया कि स्वर्गीय ओंकार सिंह यादव की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों से जोड़ना है। आयोजक हिमांशु उपाध्याय ने अतिथियों और खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। मैच रेफरी की भूमिका देवांश सक्सेना, ठाकुर वरुण सिंह, सत्यवीर यादव, दीपक चौहान, परसिया और बबलू मौर्य ने निभाई। वहीं स्कोर की जिम्मेदारी केशव उपाध्याय ने संभाली। इस मौके पर आकाश मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजाना देवी, महेंद्र प्रताप यादव, गौरव यादव, केशव उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### जेल में बिगड़ी बंदी की तबीयत, मेडिकल कॉलेज में मौत

**बदायूं।** जिला कारागार में करीब दो माह से बंद 55 वर्षीय कैदी इकरार अहमद की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। कैदी की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव बिलहत निवासी इकरार अहमद पुत्र सफी अहमद काफी समय से बरेली के कैंट थाना क्षेत्र के गांव कांधरपुर में रह रहा था। करीब दो माह पहले बिनावर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले में इकरार अहमद और उसके बेटे इस्लाम व इस्पाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जिला कारागार बदायूं भेज दिया था। परिजनों के मुताबिक इकरार अहमद और उसके दोनों बेटों की जमानत कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन जमानत नहीं हो सकी। इसी बीच शनिवार को जेल में इकरार अहमद की तबीयत अचानक खराब हो गई। जेल स्टाफ ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इकरार अहमद का उपचार चल रहा था। रविवार सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे और रोने-बिलखने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सांत्वना** कहा-दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, सरकारी आवास और मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का दिया भरोसा, दातागंज की जनता से जाति का नहीं, दिल का रिश्ता : डॉ. शैलेश पाठक

# भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने अटसेना पहुंचकर मृतक राजेश के परिजनों को दी 25 हजार की मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक राजेश की पत्नी को 25000 भेंट करते डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा



राजेश के परिजनों को सांत्वना देते डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा



अंकित पाठक व शैलेश पाठक ने बढ़ाया मदद को हाथ तो रो पड़ा परिवार। -जागरण मोर्चा

**मृतक राजेश के परिवार से मिले भाजपा नेता, आर्थिक सहायता देकर हर मुश्किल में साथ खड़े रहने का दिया आश्वासन**

**दातागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक रविवार को अटसेना गांव पहुंचे और मृतक राजेश के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार के सदस्यों से घटना के संबंध में जानकारी ली और अपनी ओर से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। डॉ. पाठक ने कहा कि परिवार के लिए यह बेहद दुख की घड़ी है और इस कठिन समय में वह उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को आगे भी हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

परिजनों से मुलाकात के दौरान डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि किसी अपने को खोने के दर्द की भरपाई किसी भी सहायता से नहीं की जा सकती, लेकिन संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवार की जरूरतों को देखते हुए सरकारी स्तर से मिलने वाली सहायता दिलाने के लिए भी वह प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को नियमानुसार हर संभव मदद उपलब्ध कराने की मांग की।

डॉ. पाठक ने कहा कि यदि राजेश की मौत के मामले में कोई व्यक्ति दोषी है तो उसके खिलाफ निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना जरूरी है और प्रशासन को पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने परिवार को सरकारी आवास दिलाने के साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों के स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपील की कि वे पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता के लिए आगे आएं।

ग्रामीणों की मौजूदगी में डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि दातागंज क्षेत्र की जनता से उनका रिश्ता केवल जाति या राजनीतिक समीकरणों का नहीं, बल्कि दिल का रिश्ता है। उन्होंने कहा, "दातागंज की जनता से मेरा जाति का नहीं, दिल का रिश्ता है। इसे कायम रखने के लिए मैं लगातार प्रयासरत रहूंगा।" उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति पर संकट आने पर वह अपनी क्षमता के अनुसार उसके साथ खड़े रहने का प्रयास करेंगे।

डॉ. पाठक ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से पीड़ित, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों के हित में काम करता आया है। उन्होंने कहा कि अटसेना के इस परिवार के साथ भी आगे हर मुश्किल घड़ी में खड़े रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि परिवार को सरकारी योजनाओं और राहत से संबंधित जो भी मदद नियमानुसार मिल सकती है, उसे दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी।

इस दौरान गांव में मौजूद लोगों ने डॉ. पाठक द्वारा पीड़ित परिवार को दी गई आर्थिक सहायता और संवेदना की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा होना सामाजिक जिम्मेदारी है। डॉ. पाठक ने भी ग्रामीणों से अपील की कि वे परिवार का मनोबल बनाए रखें और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहयोग करें।

इस मौके पर पूर्व प्रधान के अलावा अरविंद अग्निहोत्री, अभय, मनोज शर्मा, सोरन कश्यप, पंजाब सिंह यादव, नन्हे ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तिलहर में लॉ के छात्र का क्षत-विक्षत शव बरामद, पांच लोगों पर हत्या का आरोप

## रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में मिला शव, मृतक के भाई ने जीआरपी थाने में दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



दिलीप का फाइल फोटो।



पुलिस की मौजूदगी में परिजनों से बात करती विधायक। -जागरण मोर्चा

**तिलहर, शाहजहांपुर।** तिलहर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी आउटर के पास झाड़ियों में कानून के छात्र का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के किनारे फेंके जाने का आरोप लगाते हुए जीआरपी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी गोविंद कश्यप ने रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई दिलीप कुमार कश्यप कानून की पढ़ाई कर रहा था और तिलहर तहसील में विधि व्यवसाय सीख रहा था। 27 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे वह घर से यह कहकर निकला था कि काम के सिलसिले में बरेली जा रहा है। भाई के मुताबिक दिलीप बरेली से लौटते समय फरीदपुर स्थित अपनी बहन के घर भी गया था। वहां उसने बताया था कि उसे कटरा में किसी व्यक्ति को कागज देकर रुपये लेने हैं और कटरा हाईवे स्थित एक प्रॉपर्टी की पंचायत के सिलसिले में किसी व्यक्ति से मिलना है। रात करीब साढ़े नौ बजे तक परिजनों की उससे फोन पर बात हुई, इसके बाद संपर्क नहीं हो सका। रेलवे स्टेशन के पास मिला शव गोविंद कश्यप के अनुसार 27 और 28 अगस्त की मध्यरात्रि तिलहर रेलवे स्टेशन से पश्चिमी आउटर के पास झाड़ियों में दिलीप का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। 28 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे पुलिस के माध्यम से परिजनों को इसकी जानकारी मिली। मृतक के भाई ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि दिलीप का मोहल्ला बाजार कटरा निवासी अमित मिश्रा, अक्षय मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद, नोएडा के सेक्टर-62 स्थित रजत विहार निवासी ममता त्रिपाठी पत्नी अश्वनी त्रिपाठी और उनकी बेटियों अपर्णा त्रिपाठी व अंजली त्रिपाठी से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि उक्त लोग दिलीप पर प्रॉपर्टी संबंधी राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। आरोप है कि राजीनामा न करने पर उसे अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई थी। मृतक के भाई ने इन्हीं लोगों पर हत्या करवाकर शव रेलवे स्टेशन के पास फेंकने का आरोप लगाया है, ताकि घटना हादसा प्रतीत हो। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक सलोना कुशवाहा मृतक के घर पहुंचीं और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाकर मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या के आरोपों की पुष्टि जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी।

# चलती बाइक से लात मार कर गिराया पिता पुत्र घायल मौके पर पहुंची डायल 112

जागरण मोर्चा कार्यालय



सड़क पर घायल अवस्था में पिता पुत्र। -जागरण मोर्चा

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे पर राजेश कश्यप के पास कटरा तालाब के निकट शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब पीछे से आ रहे एक युवक ने चलती बाइक में लात मार दी। लात लगने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार धीरज कुमार पुत्र वेचेलाल, निवासी ग्राम देवल वसंतपुर, थाना भुता, अपने पिता के साथ तिलहर थाने से वापस घर लौट रहे थे। धीरज के मुताबिक उनका ससुराल पक्ष से कुछ समय से विवाद चल रहा है। शनिवार को उन्हें मामले में समझौते के लिए तिलहर थाने बुलाया गया था, लेकिन किसी बात पर समझौता नहीं हो सका। धीरज का आरोप है कि थाने से घर लौटते समय उसका साला पीछे से बाइक का पीछा कर रहा था। कटरा तालाब के पास उसने चलती बाइक में पीछे से पैर मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में धीरज और उसके पिता सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और घायलों की हालत देखकर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कटरा थाना पुलिस से योगेंद्र व आशीष भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका उपचार कराया गया। घटना के बाद धीरज ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए ससुराल पक्ष पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से जुड़ी तस्वीरें मौके की स्थिति को बयां कर रही हैं।

# सोमवार को सीएम ग्रिड रोड़ का रास्ता साफ करेगा बुलडोजर

जागरण मोर्चा कार्यालय





शाहजहांपुर की सीएम कम ग्रिड ग्रीन रोड। -जागरण मोर्चा

**15 भवनों के छज्जे-बालकनी तोड़ी जाएगी, निर्माण सीमा से बाहर किए गए अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई, नगर निगम ने पुलिस बल के लिए एसपी को भेजा पत्र**

**शाहजहांपुर।** बलिदानी अहमद उल्ला शाह पार्क से तेल टंकी के बीच सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाई गई ग्रीन रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम सोमवार को कार्रवाई करेगा। सड़क की निर्माण सीमा से बाहर निकाले गए 15 भवनों के छज्जे और बालकनियां बुलडोजर से ध्वस्त कराई जाएंगी।कार्रवाई के दौरान विरोध की आशंका को देखते हुए नगर आयुक्त ने पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए एसपी को पत्र भेजा है। ग्रीन रोड के निर्माण से पहले नगर निगम ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाया था। सड़क बनने के बाद कई भवन स्वामियों ने दोबारा मकानों के आगे छज्जे और बालकनियां बढ़ा लीं। इससे सड़क किनारे लगाए गए फैंसी स्ट्रीट लाइटों के पोल भी छिपने लगे हैं। निगम की टीम ने ऐसे 15 भवनों को चिह्नित किया है। चिह्नित भवन स्वामियों को नगर निगम की ओर से पहले दो बार नोटिस जारी कर निर्माण सीमा से बाहर किए गए छज्जे और बालकनियां हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद अंतिम नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया। समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद निगम प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया। नगर आयुक्त की ओर से पुलिस बल की मौजूदगी में बैकहो लोडर से चिह्नित 15 भवनों के अवैध हिस्से हटाए जाएंगे। कार्रवाई में आने वाला खर्च संबंधित भवन स्वामियों से वसूला जाएगा। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा। ग्रीन रोड के निर्माण पर करीब 6 करोड़ बजट खर्च किया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क की सुंदरता प्रभावित हो रही है। इसी को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है।

# छत से गिरकर घायल हुए नईम खां की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



गायक नईम खान का फाइल फोटो।

**मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर :** मोहल्ला बंगशान निवासी गायक नईम खां (50) की दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को अपराह्न करीब दो बजे वह अपने घर की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया था। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बीती रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नईम खां की मौत की खबर मिलते ही परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को खानकाह-ए-हुसैनिया कलीमिया में उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा की गई। इसके बाद गमगीन माहौल में उन्हें पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में पूर्व विधायक राजेश यादव, चेयरमैन पति दानिश जीशान खान, पूर्व चेयरमैन समीउश्शान खान, सगीर खान डभौरा, आरिश जीशान खान, पप्पू, हशमतुल्लाह खान, रईस खान, वसीम खान, हामिद खान, अशरफ खान समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## संक्षेप समाचार

### पोसिल में शौचालय निर्माण की नहीं हुई जांच, डीएम से शिकायत करेंगे ग्रामीण

**खुदागंज शाहजहांपुर।** विकास क्षेत्र खुदागंज की ग्राम पंचायत पोसिल के ग्रामीणों ने शौचालय की पात्रता सूची में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अनियमितताएं किए जाने का आरोप लगाया था जिसके चलते ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए जांच कराए जाने की मांग की थी बताते चलें कि ग्राम पंचायत में 38 शौचालय स्वीकृत हुए थे जिनके खातों में प्रथम किस्त का पैसा भेजा गया था परंतु बड़ी संख्या में लंबे समय बाद भी ग्रामीणों द्वारा शौचालय निर्माण नहीं कराया गया जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए लाभार्थियों की पात्रता की जांच कराए जाने की मांग की थी ग्रामीणों का आरोप है कि लाभार्थियों की सूची में अपात्र लोगों के नाम शौचालय स्वीकृत हुए थे जहां एक व्यक्ति द्वारा सुविधा शुल्क भी वसूला गया था इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे ने जांच कराए जाने की बात कही थी परंतु लंबे समय बाद भी ना तो जांच कराई गई और ना ही किसी लाभार्थी को नोटिस जारी किया गया ग्रामीणों ने कहा कि यदि मामले की जांच नहीं होती है तो वह जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे।

### 14 वर्षीय किशोरी की मौत, लापरवाही का आरोप

**तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक 14 वर्षीय बीमार किशोरी की इंजेक्शन लगाने के बाद मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार किशोरी को बुखार व अन्य शिकायत के चलते परिजन सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के कुछ ही देर बाद किशोरी की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि गलत इंजेक्शन लगाने से उनकी बेटी की जान गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। वहीं इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### शटर गिरा, टीम गई दो घंटे बाद फिर क्लीनिक चालू, तीन क्लीनिक बंद कराने के बाद फिर संचालन शुरू, छह पर एफआईआर के आदेश भी लंबित्र

**अल्हागंज शाहजहांपुर।** अल्हागंज में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन क्लीनिक बंद कराए। आरोप है कि टीम के लौटने के महज दो घंटे बाद ही इनमें से कुछ क्लीनिकों में फिर मरीज देखने शुरू कर दिए गए। कार्रवाई के बाद बोर्ड हटाकर प्रतिष्ठानों को सड़क से पीछे कर कथित रूप से संचालन शुरू करने की बात भी सामने आई है। सवाल यह है कि जब टीम ने क्लीनिक बंद करा दिए तो उसके जाते ही दोबारा संचालन कैसे शुरू हो गया? क्या बंदी की कार्रवाई सिर्फ शटर गिराने तक सीमित थी या बाद में निगरानी की भी व्यवस्था थी। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पहले छह क्लीनिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए थे। जलालाबाद पुलिस को कार्रवाई के निर्देश के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इससे आदेश के अनुपालन और जिम्मेदारी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बंद कराए गए तीन क्लीनिकों में से एक पर बिना पंजीकरण एक्स-रे मशीन संचालित किए जाने का आरोप है। स्थानीय लोगों के अनुसार मशीन कथित तौर पर कई वर्षों से चल रही है। यदि आवश्यक अनुमति नहीं थी तो इतने लंबे समय तक संचालन कैसे हुआ, यह जांच का विषय है। अल्हागंज में करीब 30 से 35 क्लीनिकों की जांच की जा चुकी है। समापुर मोड़, बस स्टैंड और फर्रुखाबाद मार्ग के आसपास कई क्लीनिकों को नोटिस दिए गए हैं। छह के खिलाफ एफआईआर और तीन को बंद कराने की कार्रवाई हो चुकी है। अब सवाल यह है कि कार्रवाई केवल कागजों और शटर तक सीमित रहेगी या आदेशों की अवहेलना और कथित अवैध संचालन पर भी जिम्मेदारी तय होगी।

### कंडक्टर पर यात्रियों से अभद्रता का आरोप

**शाहजहांपुर।** बरेली मोड़ से जलालाबाद जाने के दौरान रोडवेज बस के कंडक्टर पर यात्रियों से गाली-गलौज और अभद्रता करने का आरोप लगा है। मामले में दैनिक लोक भारती के संवाददाता अमरीक सिंह ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) शाहजहांपुर को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 29 अगस्त को अमरीक सिंह अपनी पत्नी के साथ बरेली मोड़ से जलालाबाद जाने के लिए रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एलएन 5546 में सवार होने पहुंचे थे। आरोप है कि कंडक्टर विपिन कुमार ने पहले बस का गेट नहीं खोला। काफी कहने के बाद गेट खोला गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कंडक्टर महिला यात्रियों से अभद्रता और गाली-गलौज कर रहा था। वह कथित तौर पर यात्रियों से कह रहा था कि फ्री के चक्कर में घुसे चले आ रहे हैं। विरोध करने पर अमरीक सिंह से भी गाली-गलौज की गई और उन्हें पीछे खड़े होने को कहा गया। उनका आरोप है कि बस की आगे की सीटें खाली होने के बावजूद उन्हें वहां बैठने से मना कर दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कंडक्टर ने कथित तौर पर कहा कि जहां शिकायत करनी हो कर दो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पत्रकार ने एआरएम से मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### हाईवे किनारे खड़े टैंकर से 170 लीटर डीजल चोरी

**मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर)।** नेशनल हाईवे पर चौधरी ढाबे के पास सड़क किनारे खड़े टैंकर से अज्ञात चोर करीब 170 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। रात में टैंकर में चालक के सोते रहने के बावजूद हुई इस वारदात से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। कुशीनगर के थाना निबुआ नौरंगिया क्षेत्र निवासी चालक रमजान अली पुत्र मंसूर अली ने बताया कि वह 29 अगस्त की रात करीब 10 बजे टैंकर लेकर चौधरी ढाबे पर पहुंचा था। खाना खाने के बाद वह टैंकर में ही सो गया। रविवार सुबह करीब सात बजे टैंकर स्टार्ट किया तो डीजल मीटर में मात्रा शून्य दिखाई दी। नीचे उतरकर देखा तो जमीन पर डीजल फैला था और टंकी खाली मिली। चालक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी।

# नहर में मगरमच्छ दिखने से दहशत

**खुदागंज।** जलालपुर गांव के निकट नहर पुलिया के पास मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई है रविवार शाम नहर की पुलिया पर बैठे कुछ लोगों ने एक मगरमच्छ को नहर में उतराते देखा अचानक मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई ग्रामीणों का कहना है की किस तरह यह मगरमच्छ नहर तक पहुंचा जिसको लेकर ग्रामीण चिंतित हैं दीपपुर गांवके प्रधान पति जमीर हसन ने बताया की मगरमच्छ होने की सूचना से वन विभाग को अवगत कराया गया है।

# हनुमान अंश के रोजाना दो शो चलेंगे, 31 अगस्त से होगी शुरुआत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **दर्शकों की मांग पर लिया फैसला, बोले सिनेफ्लेक्स स्वामी हम भी हनुमान भक्त**

**शाहजहांपुर।** नीम करौरी बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश के शो अम्बा सिनेफ्लेक्स में 31 अगस्त से शुरू होंगे। 3 सितंबर तक रोजाना फिल्म के दो शो चलाए जाएंगे। पहला शो दोपहर 12:30 बजे और दूसरा शाम 6:30 बजे होगा। सिनेफ्लेक्स स्वामी वासु अग्रवाल ने बताया कि दर्शकों की मांग को देखते हुए फिल्म के शो शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी हनुमान जी के भक्त हैं। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक फिल्म के शो दोपहर 3:30 बजे और रात 9:30 बजे चलेंगे।

# चलती रोडवेज बस में गूंजी किलकारी, मायके जा रही गर्भवती महिला ने दिया बेटी को जन्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद से बरेली होते हुए फर्रुखाबाद जा रही थी बस कटरा से आगे मदनापुर रोड पर पहुंचते ही महिला को अचानक शुरू हो गई प्रसव पीड़ा**

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन पर मायके जा रही गर्भवती महिला ने चलती रोडवेज बस में बेटी को जन्म दे दिया। बस में मौजूद डॉक्टर और महिला यात्रियों की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया गया। इसके बाद बस को मदनापुर सीएचसी ले जाया गया, जहां जच्चा-बच्चा को भर्ती कर उपचार दिया गया। दोनों की हालत खतरे से बाहर होने पर महिला को छुट्टी दे दी गई। बस से महिला को सीएचसी तक लाने का वीडियो शनिवार को सामने आया।

फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के मथेनी चौराहा निवासी अनिल कुमार बरेली में रहकर आर्मी के जूते बनाने का काम करते हैं। वह अपनी गर्भवती पत्नी गौरी और बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाने फर्रुखाबाद जा रहे थे। परिवार बरेली सैटेलाइट बस अड्डे से औरैया डिपो की बस संख्या यूपी 79 टी 4811 में सवार हुआ था।

बस मुरादाबाद से बरेली होते हुए फर्रुखाबाद जा रही थी। कटरा से आगे मदनापुर रोड पर पहुंचते ही गौरी को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। उनकी हालत बिगड़ती देख बस में मौजूद महिला यात्रियों और एक डॉक्टर ने तत्काल मदद शुरू कर दी। बस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया और गौरी ने बेटी को जन्म दिया। इसके बाद बस को मदनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्ट्रेचर से महिला और नवजात को उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएचसी की स्टाफ नर्स शालिनी गुप्ता ने महिला का उपचार किया और आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। चिकित्सकीय निगरानी में मां और नवजात की हालत सामान्य रही। शनिवार को दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अनिल कुमार ने बताया कि वह पत्नी और बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाने फतेहगढ़ जा रहे थे। उनके साथ नौ वर्षीय बेटा अर्पित, तीन वर्षीय बेटी पारु और एक वर्षीय बेटा डुग्गू भी था। बस में जन्मी बेटी उनकी चौथी संतान है। उन्होंने प्रसव में मदद करने वाली महिला यात्रियों और डॉक्टर का आभार जताया। मदनापुर सीएचसी के चिकित्सक डॉ. गौरव भारती ने बताया कि बस में महिला के प्रसव की सूचना मिलने पर तत्काल स्ट्रेचर भेजकर उसे अस्पताल लाया गया। बच्ची का जन्म पहले ही हो चुका था। जच्चा और बच्ची को आवश्यक उपचार और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। दोनों के स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया।

**कार्रवाई** | मुख्य अभियंता ने मांगा स्पष्टीकरण, ब्लैक लिस्ट की तैयारी

# मथुरा कंस्ट्रक्शन के फर्जीवाड़े की जड़ें गहरी नगर निगम पहुंचीं

जागरण मोर्चा कार्यालय





नगर निगम शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

- **फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र पर मथुरा कंस्ट्रक्शन को नोटिस, ब्लैकलिस्ट की तैयारी**
- **नगर निगम के कामों के लिए लगाया फर्जी प्रमाणपत्र**

**शाहजहांपुर।** फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र लगाकर नगर पालिका तिलहर में ठेके हासिल करने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज होने के बाद ठेकेदार प्रदीप कुमार गुप्ता की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। नगर पालिका परिषद तिलहर के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने विगत दिनों जिलाधिकारी के आदेश पर फर्जी प्रमाण पत्र लगा कर ठेके हासिल करने और वर्क आर्डर हासिल करने के प्रकरण में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराकर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई शुरू की थी। इधर मथुरा कंस्ट्रक्शन के स्वामी प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा वही प्रमाण पत्र लगाकर नगर निगम शाहजहांपुर में भी काम हासिल करने के मामले में मथुरा कंस्ट्रक्शन पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी ने फर्म के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इस अवधि में फर्म के नगर निगम में किसी भी कार्य करने पर रोक लगा दी गई है। तिलहर के निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता ने अपनी फर्म मथुरा कंस्ट्रक्शन के नाम से नगर निगम की निविदा में जो अभिलेख लगाए, उनमें 16 जनवरी को जारी चरित्र प्रमाणपत्र भी शामिल था। शिकायत के बाद इसकी जांच कराई गई तो प्रमाणपत्र डीएम कार्यालय से जारी होना नहीं पाया गया। इसके बाद नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फर्म के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। मुख्य अभियंता की ओर से जारी नोटिस में फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी गई है।

### तिलहर पालिका में भी सामने आया था फर्जीवाड़ा

प्रदीप कुमार गुप्ता की फर्म ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका तिलहर में 11 कार्य कराए थे। इनमें छह निविदाओं में फर्जी तरीके से तैयार किए गए चरित्र प्रमाणपत्र लगाए जाने का मामला सामने आया। सभासद कय्यूम खान की शिकायत पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जांच कराई थी। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने फर्म संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# हज़रत मखदूम अली साबिर कल्यरी का सालाना दो दिवसीय उर्स 7 व 8को

**तिलहर शाहजहांपुर :** मोहल्ला इमली में मनाया जाएगा आयोजक फरीद खान साबरी ने बताया कि हज़रत मखदूम अली अहमद साबिर कल्यरी का उर्स शरीफ़ 12साल से बराबर मना रहे हैं जो लोग उत्तराखंड स्थित कलियर शरीफ़ नही जा सकते हैं वो लोग यहां सम्मलित होते हैं उन्होंने बताया कि 7सितम्बर को सुबह कुरआन खानी होगी रात 9बजे से साबरी कांफ्रेंस होगी जिसमें कलियर से मुफ़्ती अकरम रज़ा, मौलाना आसिम साबरी, मौलाना सद्दाम साबरी, शायर नदीम नूरी, शायर गुलसंवर साबरी, शायर अशफ़ाक नूरी को आमंत्रित किया गया है 8सितम्बर को सुबह 10बजे कुलशरीफ होगा श्री साबरी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करने की अपील की है श्री साबरी के साथ मंसूर साबरी, सिद्दीक साबरी, आतिफ़ साबरी लईक साबरी, फ़हीम साबरी, चांद साबरी, तनवीर साबरी, अकील साबरी, लाल मीर साबरी, साबिर अली साबरी सहयोगी के रूप मे कार्य किया करते हैं

## एक नजर

### वर्षा ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा



**चंदौसी।** गृह विज्ञान विषय मे स्वाध्याय के माध्यम से वर्षा गुप्ता निवासी लायंस कॉलोनी शक्ति नगर ने स्वाध्याय के माध्यम यूजीसी नीट परीक्षा उत्तीर्ण क़ी है उन्होंने परीक्षा में 94 .15 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। उन्होंने सहायक प्राध्यापक एवं पीएचडी प्रवेश हेतु अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**चंदौसी।** कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में मुकेश पुत्र द्वारिकी जाटव निवासी ग्राम मौलागढ व इन्द्रजीत पुत्र गोविन्दराम निवासी पावर हाउस की मढैया बदाँयू चुंगी शामिल है।

# मेला ग्राउंड में दुकानदारों को किया गया दुकानों व स्टालों का आवंटन

## 12 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा गणेश चतुर्थी मेला, 317 दुकानों का किया गया आवंटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेला गणेश चौथ के 66वें महोत्सव को लेकर आगामी 12 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेले को लेकर रविवार को मेला ग्राउंड में दुकानों एवं विभिन्न स्टॉलों का आवंटन मेला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। दूरदराज से पहुंचे दुकानदारों को उनकी आवश्यकतानुसार निर्धारित स्थान उपलब्ध कराए गए। देर शाम तक न्यूनतम मूल्य पर 317 दुकानों का आवंटन किया गया।



चंदौसी मे दुकानों और स्टालों का आवंटन करते मेला कमेटी के पदाधिकारी।

मेला इंचार्ज रविन्द्र कुमार ने बताया कि मेला ग्राउंड को दुकानों एवं स्टॉलों की सुविधा के लिए विभिन्न 16 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। इनमें सरस्वती ब्लॉक, दुर्गा ब्लॉक, लक्ष्मी ब्लॉक, विष्णु ब्लॉक, कृष्ण ब्लॉक, राधा ब्लॉक, राम ब्लॉक, सीता ब्लॉक, नारद ब्लॉक, शंकर ब्लॉक, पार्वती ब्लॉक, गणेश ब्लॉक, हनुमान ब्लॉक एवं रिद्धि-सिद्धि ब्लॉक हैं। मेले में कुल 352 दुकानें हैं, जबकि लगभग 35 सरकारी प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ दुकानों एवं स्टॉलों का आवंटन किया गया है। प्रत्येक दुकानदार के लिए अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य होगा। मेला परिसर में प्लास्टिक एवं डिस्पोजल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। दुकानदारों से दुकान के सामने स्वच्छता बनाए रखने तथा कूड़ा निर्धारित कूड़ेदान में डालने का आह्वान किया गया है। साथ ही बाल श्रम पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बताया कि सरकारी प्रदर्शनी में कृषि उत्पादों के विपणन से जुड़ी राष्ट्रीय सहकारी संस्था नाफेड का स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां चाय सहित अन्य खाद्य उत्पादों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस बार मेले में महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारतीय व्यंजनों, राजस्थानी कपड़ों एवं जूतियों, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉलों की विशेष मौजूदगी रहेगी। वहीं मेला परिसर के खेल गांव में विभिन्न प्रकार के झूले बच्चों एवं परिवारों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

इस दौरान मेला परिषद के कार्यवाहक मुख्य सचिव ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, लोकेन्द्र शर्मा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रजीत लालू, शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, सतेंद्र मामा, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, अजय आर्य एवं प्रमोद गुरु सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने खराब रास्ते को लेकर जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ जनपद संभल की तहसील असमोली क्षेत्र का मामला

**चंदौसी।** जनपद संभल की तहसील असमोली क्षेत्र में ग्रामीणों ने खराब हो रहें रास्ते को लेकर समाजवादी पार्टी की विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने हाय-हाय के नारे लगाए और शीघ्र रास्ते को दुरुस्त करने की मांग की।

मामला जनपद संभल की तहसील के असमोली ब्लॉक क्षेत्र के मतावली पट्टी जग्गू परशुराम नयागांव का है। रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव को आने वाले मुख्य रास्ते पर गंदगी और बदहाली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश दिखाई दिया। उन्होंने मौजूदा सपा विधायक पिंकी यादव से लेकर पूर्व में रहे जनप्रतिनिधियों तक पर गांव के विकास की अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मुख्य रास्ते के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण देवराज प्रजापति ने बताया कि रास्ते की खराब हालत के कारण रिश्तेदारों को आने में दिक्कत होती है। बच्चे स्कूल जाते समय गिर जाते हैं और कपड़े खराब होने के बाद स्कूल छोड़ देते हैं। सुनील ने कहा कि गांव के सभी रास्ते कच्चे हैं और यह मुख्य रास्ता भी बदहाल है, जिससे गांव और बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोई भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी उनकी सुनने को तैयार नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद आलम, नावेद आलम, कल्लू सिंह, मुनसाद हुसैन, तैय्यब हुसैन, याकूब हुसैन, रफीक हुसैन, राशिद हुसैन, मोहम्मद रफी, नन्हे सिंह, साबिर अली, मेंहदी हसन, मुक्करम अली, राजबाबू, मुंशरीफ अली, जाबिर अली, शाहरुख खान, रविंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, जयपाल प्रजापति और रिजवान सलमानी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# आधे घंटे की बारिश से नगर में जलभराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रविवार को आधे घंटे की झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। सड़कों पर जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश रुकने के बाद सड़कों से पानी उतर सका। इसके बाद नागरिकों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन बूंदा-बांदी होती रही हुई। बारिश होने से मौसम में सुहावनाप हो गया।



चंदौसी के स्टेशन रोड पर जलभराव से होकर गुज़रते वाहन। -जागरण मोर्चा

रविवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। दोपहर दो बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई और आधे घंटे की बारिश से देखते ही देखते सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, विकास नगर, पंचशील कालोनी, एफआर रोड, मोहल्ला कागजी, संभल गेट, आवास विकास कालोनी, सीता रोड, सीकरी गेट,बिसौली गेट, सुभाष रोड पर नागरिकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और शाम तक बूंदाबांदी होती रही जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# समिति के पदाधिकारियों ने मेधावियों को किया सम्मानित

**चंदौसी।** प्रजापति समाज सेवा समिति की बैठक रविवार को बहजोई रोड स्थित एक धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें 9 अगस्त को आयोजित हुए ऐतिहासिक मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह की सफलता पर चर्चा की गई और समाज के इंटरमीडिएट के 45 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की जानकारी दी गई है। बैठक में सर्वसम्मति से गुन्नौर तहसील अध्यक्ष के लिए प्रेमपाल सिंह प्रजापति ग्राम प्रधान सिधौली कल्यान को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा गुन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष के लिए वीरेंद्र सिंह और जूनावाई ब्लॉक अध्यक्ष के लिए रामबहादुर सिंह की घोषणा की गई है। बैठक में रामवरन, धर्मपाल सिंह, रणवीर, शिशुपाल, राजपाल सिंह, ओमेंद्र, संजीव कुमार, ईशम सिंह और अमित प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक ने थाना कुढ़फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पुलिस कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

रविवार को पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने थाना कुढ़फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रचलित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। एसपी ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चैक किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र व साइबर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली तथा आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने, अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा थाना परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं तत्परता के साथ निर्वहन करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने हेतु निर्देशित किया।



चंदौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

# पुलिस ने दबोचा मारपीट करने वाला आरोपी

**चंदौसी।** धनारी पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गांव अफजलपुर निवासी जयदयाल पुत्र भायसिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पुत्र और पुत्री को खेत पर जाते समय रास्ते में रोक लिया।

इसके बाद लाठी-डंडों और धारदार हथियार से दोनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की थी। रविवार को पुलिस ने गांव अफजलपुर निवासी हरिओम पुत्र राजपाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# दो खिलाड़ियों का सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हुआ चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** 22 से 25 अगस्त तक बिजनौर के मूलचंद एकेडमी में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी अनन्या तिवारी ने अंडर 17 केटेगरी के 62 किलोग्राम में रजत पदक व पूर्वी राघव अंडर 17 केटेगरी के 38 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया टीम कोच सुरेश कुमार ने दोनों खिलाड़ियों की जीत पर खुशी जताई और बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 19 से 24 सितंबर तक हरियाणा के पानीपत में होगी। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर उनके विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी उनको शुभकामनाएं दीं। बता दें कि अनन्या तिवारी आर.आर.के स्कूल की कक्षा 9 व पूर्वी राघव के.एच.एम.सी स्कूल बहजोई की कक्षा 10 की छात्रा है।



चंदौसी में सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी।

# पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो दबोचे

**चंदौसी।** थाना कैलादेवी पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर गंगा एक्सप्रेस-वे से खिरनी की ओर जाने वाले मार्ग पर बनी एक कोठरी में चोरी की योजना बना रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से हारून पुत्र इस्तेखार और असलम पुत्र मोहम्मद नबी, निवासी नरोत्तम सराय, थाना नखासा को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक सरिया, प्लास, हथौड़ा और पेचकस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए वहां एकत्र हुए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई।

# बारिश के चलते गिरा कच्चा मकान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में भारी बारिश के कारण वृद्ध महिला का कच्चा मकान ढह गया। हादसे में मकान के अंदर रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय महिला बाल-बाल बच गईं।



चंदौसी के गांव असालतपुर जारई मलबे में दबें घरेलू सामान को निकालती महिला।

▸ असालतपुर जारई गांव में शनिवार की रात घटी घटना

गांव असालतपुर जारई निवासी राजवती पत्नी स्वर्गीय लीलाधर अपने कच्चे मकान में अकेली रहती हैं। उनके पति का निधन हो चुका है और उनका कोई बेटा भी नहीं है। राजवती वृद्ध होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं। भारी बारिश के चलते शनिवार की रात अचानक मकान ढह गया जिससे राजवती के सामने रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उनका सारा घरेलू सामान भी मलबे में दबकर नष्ट हो गया है। बताया गया है कि राजवती ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के लिए आवेदन किया हुआ है, लेकिन उन्हें अभी तक इस योजना का लाभनहीं मिल सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से वृद्ध महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने की मांग की है। इस संबंध में लेखपाल अर्चित सक्सेना ने बताया कि कच्चे मकान के ढहने की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# नहर में छोड़ा पानी तो खिले किसानों के चेहरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ चंदौसी खंड में किसानों को सिंचाई संकट से मिली राहत

**चंदौसी।** संभल के प्रहलादपुर तीमनपुर, हैदरपुर और हाफिजपुर गांवों से गुजरने वाली मध्य गंगा नहर परियोजना के द्वितीय चरण में रविवार दोपहर 12 बजे पानी छोड़ा गया। इससे क्षेत्र के किसानों और बच्चों में खुशी का माहौल है। यह नहर चंदौसी खंड का हिस्सा है।

पिछले वर्ष अक्टूबर में भी हैदरपुर और हाफिज मार्ग से गुजरने वाली इस नहर में पानी छोड़ा गया था, लेकिन कुछ समय बाद इसे बंद कर दिया गया। अब दोबारा पानी आने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। वर्तमान में बिजली संकट से जूझ रहे किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए नहर का पानी मिल गया है। इससे वह अपनी फसलों को सूखने से बचा सकेंगे और बिजली पर निर्भरता कम होगी। गांव प्रहलादपुर निवासी खुशीराम ने बताया कि इस समय फसलों को सिंचाई की सख्त जरूरत है और बिजली का संकट भी है। नहर में पानी आने से किसानों में खुशी है। प्रधान बॉबी ने कहा कि नहर में पानी आने से किसानों को फसल की सिंचाई के लिए अब बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। नहर में पानी आते ही बच्चों ने उसमें जमकर स्नान किया। यह मध्य गंगा नहर चंदौसी खंड की महत्वपूर्ण नहर है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर की ओर से हर साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस उपलक्ष में नगर प्रभात फेरी आयोजित की जाती है। मंदिर के प्रधान बुद्धिष छाबड़ा ने बताया की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बनाने के लिए नगर प्रभात फेरी नगर में निकालीं जाती है। प्रभात फेरी 9 अगस्त से चालू होकर 26 अगस्त तक नगर में जगह-जगह गली और मोहल्लों में भ्रमण किया। मंदिर के महामंत्री सचिन मग्गो, और विजय अरोरा, ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के लिए 2 सितंबर दोपहर 3 बजे से विशाल भव्य नगर शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। और मंदिर परिसर में 3 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम व 4 सितंबर को भजन संध्या वृंदावन से आए कवि चंद्र दास महाराज द्वारा आयोजन किया जाएगा। इस मौके सुधीर मल्होत्रा, गगन अरोरा, मोनू अदलखा, नीटू ओरी, कमल ढींगरा, पंडित मेवाराम, रोहित मग्गो, पारस बजाज, सुरेश सपड़ा, मोनू अदलख्खा, राम खत्री, जगन्नाथ छाबड़ा, सचिन अरोरा, अमन मल्लन, चंदन खन्ना, राजू कालड़ा,आदि रहे।



चंदौसी के पंजाबी सभा मंदिर पर तैयारीयां करतीं महिलाएं व बच्चें। -जागरण मोर्चा



चंदौसी के पंचमुखी मन्दिर पर पूजा-अर्चना करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# भोले बाबा को 56 भोग अर्पित कर की पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बहजोई रोड स्थित पंचमुखी मन्दिर में विधि-विधान से सोमनाथ ज्योर्तिलिंग महादेव के रूप में भव्य श्रृंगार कर चंदन से किया गया। इसके पश्चात 56 भोग अर्पित कर प्रभु की आरती उतारी गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।अभय कुमार ने कहा कि शिव सत, रज, तम के रूप में ही संपूर्ण सृष्टि में समाए हुए हैं। शिव ही परम पुरुष एवं प्रकृति को धारण पर ब्रह्म कहलाते हैं। आदित्य राजपूत ने कहा औघड़दानी रूप में सोमनाथ शृंगार जगत एवं जीव का कल्याण करने वाला है। शिव की शरणागति ही परम मोक्ष है। इस दौरान अभय कुमार,शिव कुमार, आदित्य राजपूत, सौरभ राजपूत, कल्पना शर्मा, राखी वार्ष्णेय, अभिक शर्मा, सुमन कुमार, मयंक अग्रवाल, संजय राजपूत, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी पर समिति करेगी भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट की बैठक सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मन्दिर में आयोजित की गयी। जिसमें गणेश चतुर्थी पर्व पर दिनांक 14 सितंबर को होने वाले 16वें विशाल भण्डारे के बारे में चर्चा की गयी। बताया गया कि भण्डारा नगर में अवतरित ब्रह्मलीन अनन्त विभूषित स्वामी भूमानन्द तीर्थ जी महाराज की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। भण्डारे में महिलाओं एवं पुरुषों को अलग-अलग पंक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया जाता है। केजीशर्मा के नेतृत्व में विभिन्न समितियों का गठन किया। स्वागत समिति में राघवेन्द्र मोहन मिश्रा, डॉ.राजीव लोचन शर्मा, केके गौतम, डॉ वाईपी जोशी, डॉ. पारितोष मिश्रा आदि शामिल है। व्यवस्था समिति में राजीव शर्मा, राजेश शंखधार, अभिषेक शर्मा, मनोज शर्मा, राजकुमार सक्सेना, शिवओम जिंदल को शामिल किया गया। भण्डारा व्यवस्था समिति में अशोक पाठक, रमेश ग्रेवाल, गौरव मिश्रा, सुनील शर्मा, संजीव शर्मा, विशाल शर्मा को व्यवस्था सौंपी गयी। महिला व्यवस्था समिति को उमा शर्मा, आरती पाठक, कल्पना वार्ष्णेय, रुचिका गुप्ता, मीना शर्मा, बबली शर्मा, आशा शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में रमेश चन्द्र शर्मा, राकेश मिश्रा, अतुल मिश्र, सुरेश पाल, जेएन मिश्रा, मुनीश शर्मा, डॉ गौरव मिश्रा, अनिल कपूर, डॉ उमेश चन्द्र शर्मा, शरद शर्मा, अनन्त शर्मा, रामऔतार शर्मा, वाईके शर्मा, सुमित पाराशरी, सूरज पाराशरी, चेतेन्द्र शर्मा, कपिल अरोड़ा, धीरेन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



स्वामी भूमानद सेवा ट्रस्ट की बैठक में शामिल पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# जवाबदेही के बजाय माफीः बारिश में दिल्ली बेहाल



आमतौर पर होता यही है कि किसी व्यवस्थागत कमी या लापरवाही की वजह से लोगों को होने वाली परेशानी के बाद सरकार की ओर से जांच या कार्रवाई की घोषणा होती है और उसके कुछ समय बाद बात आई-गई हो जाती है। उस मामले में किस अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई या फिर उसके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, उसके बारे में आम जनता को शायद ही कभी कुछ पता चल पाता है।

माना जाता है कि किसी मामले के तूल पकड़ लेने के बाद सरकार भले ही सक्रिय दिखती हो, लेकिन इसके समांतर घोषणाओं की औपचारिकता के बीच शायद कुछ दिनों में सब कुछ शांत होने का इंतजार किया जाता है। ऐसे में अगर किसी समस्या के लिए एक महकमे के अध्यक्ष की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की खबर आती है, तो यह निश्चित तौर पर एक नई बात लगती है। खासतौर पर, जब सरकारी महकमों के भीतर लापरवाही से लेकर अव्यवस्था की स्थिति में जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति ही आम दिखती है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों के दौरान राजधानी दिल्ली में हुई घनघोर बरसात के बाद कई इलाके में व्यापक जलभराव की स्थिति देखी गई, कई जगहों पर यातायात ठप हो गया और लोगों को घोर मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसी असुविधा के लिए नई दिल्ली नगरपालिका यानी एनडीएमसी के अध्यक्ष ने अपने सोशल मीडिया खाते के जरिए आम जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। किसी महकमे के शीर्ष अधिकारी का इस तरह माफी मांगना बेशक महत्त्वपूर्ण है, लेकिन सवाल दायित्व का है, जिसमें कोताही से अव्यवस्था पैदा होती है।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में जलभराव, यातायात ठप होना और आम लोगों को व्यापक असुविधा हर वर्ष की समस्या है। संबंधित महकमे तब तक सक्रिय नहीं होते, जब तक समस्या गहरा नहीं जाती। अगर हर वर्ष की बरसात के पहले से ही नालों की साफ-सफाई से लेकर हर स्तर पर ऐसी व्यवस्था को लेकर चौकस रहा जाए, जिससे जलभराव न हो, आसानी से पानी की निकासी हो, तो आम जनता की मुश्किल को काफी कम किया जा सकता है। मगर इसके लिए नगरपालिका और नगर निगम के अधिकारियों का अपने कार्य-दायित्वों के प्रति जिम्मेदार और जवाबदेह होना जरूरी है।

## आज का इतिहास

1813 - कुलम की पहली लड़ाईः ऑस्ट्रियाई-प्रशिया-रूसी गठबंधन ने फ्रांसीसी सेनाओं को पराजित किया था।

1835 - ऑस्ट्रेलियाः मेलबोर्न, विक्टोरिया की स्थापना हुई थी।

1842 - एंग्लो चीन युद्ध समाप्त हुआ था।

1873 - ऑस्ट्रियाई खोजकर्ता जूलियस वॉन पेयर और कार्ल वीप्रैक्ट ने आर्कटिक सागर में फ्रांज जोसेफ भूमि के द्वीपसमूह की खोज की थी।

1909 - चार्ल्स डूलिटल वालकोट ने बर्गेस शैल जीवाश्मों की खोज की थी।

1914 - प्रथम विश्व युद्धः जर्मनी ने टैननबर्ग की लड़ाई में रूसियों को हराया था।

1923 - उत्तर-पूर्वी टर्क और केको के उष्णकटीबंधीए आँधी के साथ तूफान का मौसम शुरू हुआ था।

1940 - रोमानिया से हंगरी तक उत्तरी ट्रांसिल्वेनिया के क्षेत्र को दूसरा वियना पुरस्कार एक बार फिर सौंप दिया था।

1942 - द्वितीय विश्व युद्धः आलम एल हाल्फा की लड़ाई शुरू हुई थी।

1945 - हांगकांग का जापानी कब्जा खत्म हो गया था।

1945 - सहयोगी बलों के सुप्रीम कमांडर, जनरल डगलस मैक आर्थर अत्सुगी वायुसेना बेस में उतरे थे।

1945 - द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी को नियंत्रित करने वाली सहयोगी नियंत्रण परिषद अस्तित्व में आयी थी।

1947 - डॉ? भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए एक प्रारूप समिति का गठन किया गया था।

1962 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पहला विमान और एनएएमसी वाईएस - 11 का परीक्षण किया गया था जो युद्ध के बाद में एकमात्र सफल वाणिज्यिक विमान था।

1963 - यू.एस. और सोवियत संघ के नेताओं के बीच मास्को-वाशिंगटन हॉटलाइन ऑपरेशन में शुरु हुआ था।

1967 - संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के पहले अफ्रीकी अमेरिकी न्याय के रूप में थर्गूड मार्शल की पुष्टि की गयी थी।

# प्रकृति की अनदेखी के दुष्परिणाम

*पिछले कुछ दशकों में नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों और काठमांडू घाटी में जिस तरह अनियंत्रित और बेतरतीब निर्माण कार्य हुआ है, उसने प्राकृतिक जल निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और बाढ़ के मैदानों में बहुमंजिला इमारतों, सड़कों और व्यावसायिक परिसरों का निर्माण कर लिया गया। जब नदियों के पास बहने के लिए स्वाभाविक जगह ही नहीं बची तो पानी ने आबादी वाले इलाकों का रुख किया। इसके साथ ही सड़कों के संजाल को फैलाने और रन-आफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं को खड़ा करने के नाम पर पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई।*
*भारी डायनामाइट विस्फोटों ने संवेदनशील ढलानों की आंतरिक दरारों को और चौड़ा कर दिया है, जिससे वे मामूली बारिश में भी खिसकने लगी हैं। ढलानों से जंगलों की कटाई ने मृदा अपरदन की दर को कई गुना बढ़ा दिया है। पेड़ों की जड़ें जो मिट्टी को बांधकर रखती थीं, उनके गायब होने से बारिश का पानी सीधे सतह पर प्रचंड वेग से बहने लगता है। इसके ऊपर वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तन का असर अब अत्यंत प्रत्यक्ष और घातक रूप में सामने आ रहा है।*
*हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि के कारण मानसून का चक्र पूरी तरह से अनिश्चित हो चुका है। अब बारिश का*



नेपाल में आई विनाशकारी आकस्मिक बाढ़ और भूस्खलन ने एक बार फिर पूरे दक्षिण एशिया को झकझोर कर रख दिया है। हिमालय की गोद में बसी यह शांत और सुंदर भूमि जिस तरह प्राकृतिक तबाही का केंद्र बनी है, वह केवल एक भौगोलिक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रकृति के बढ़ते रोष और इंसानी बेपरवाही का एक भयावह प्रतीक है। उफनती नदियां, जलमग्न शहर, ताश के पत्तों की तरह बहते पक्के पुल और मलबे के नीचे दबे गांव के गांव केवल नेपाल की आपदा के दृश्य नहीं हैं, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐसी चेतावनी है, जिसे अब और नजरअंदाज करना आत्मघाती साबित होगा। इस त्रासदी के लिए केवल प्रकृति के मिजाज को जिम्मेदार ठहराना समस्या की गहराई से मुंह मोड़ना होगा। इसके पीछे अनियोजित विकास, पहाड़ों का अविवेकपूर्ण दोहन और जलवायु परिवर्तन जैसे इंसानी कारण बहुत ही गहराई से जुड़े हुए हैं।

पिछले कुछ दशकों में नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों और काठमांडू घाटी में जिस तरह अनियंत्रित और बेतरतीब निर्माण कार्य हुआ है, उसने प्राकृतिक जल निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और बाढ़ के मैदानों में बहुमंजिला इमारतों, सड़कों और व्यावसायिक परिसरों का निर्माण कर लिया गया। जब नदियों के पास बहने के लिए स्वाभाविक जगह ही नहीं बची तो पानी ने आबादी वाले इलाकों का रुख किया। इसके साथ ही सड़कों के संजाल को फैलाने और रन-आफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं को खड़ा करने के नाम पर पहाड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई।

भारी डायनामाइट विस्फोटों ने संवेदनशील ढलानों की आंतरिक दरारों को और चौड़ा कर दिया है, जिससे वे मामूली बारिश में भी खिसकने लगी हैं। ढलानों से जंगलों की कटाई ने मृदा अपरदन की दर को कई गुना बढ़ा दिया है। पेड़ों की जड़ें जो मिट्टी को बांधकर रखती थीं, उनके गायब होने से बारिश का पानी सीधे सतह पर प्रचंड वेग से बहने लगता है। इसके ऊपर वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तन का असर अब अत्यंत प्रत्यक्ष और घातक रूप में सामने आ रहा है।

हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हो रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि के कारण मानसून का चक्र पूरी तरह से अनिश्चित हो चुका है। अब बारिश का फैलाव पूरे मौसम में समान रूप से होने के बजाय कुछ ही दिनों या घंटों की अतिवृष्टि में सिमट गया है। जब अत्यधिक मात्रा में पानी एक साथ गिरता है तो जमीन उसे सोखने में असमर्थ हो जाती है और वह सतह पर प्रचंड बाढ़ का रूप ले लेता है।

इसके साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों के तेजी से लगातार पिघलने के कारण नई ग्लेशियल झीलों का निर्माण हो रहा है और पुरानी झीलों का आकार खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। भूकंप या अत्यधिक जल-दबाव के कारण लाखों क्यूसेक पानी और मलबा कुछ ही मिनटों में नीचे घाटी की ओर बहता है, जिसकी विनाशकारी क्षमता सामान्य बाढ़ से कई गुना अधिक होती है।

नेपाल की त्रासदी को केवल एक आपदा के रूप में न देखकर एक सामरिक, वैज्ञानिक और मानवीय चुनौती के रूप में देखा जाए। पारंपरिक रूप से हमारा ध्यान केवल आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य तक सीमित रहता है। इस प्रतिक्रियात्मक रवैये को बदलकर आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में काम करना होगा। सबसे पहली आवश्यकता एक प्रभावी, आधुनिक और रियल-टाइम पूर्व-चेतावनी प्रणाली को विकसित करने की है।

यदि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ आने से कुछ घंटे पहले भी सटीक सूचना मिल जाए तो जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण कदम भारत और नेपाल के बीच जल प्रबंधन को लेकर दशकों पुराने समझौतों और ठप पड़ी वार्ताओं को पुनर्जीवित करना है। कोसी और गंडक परियोजनाओं पर नए सिरे से ध्यान देना होगा। केवल बुनियादी ढांचा खड़ा करना ही काफी नहीं है, बल्कि उस ढांचे का नियमित रखरखाव, नदियों से गाद निकालने की निरंतर प्रक्रिया और जल भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल जरूरी है।

अब पूरे हिमालयी क्षेत्र में विकास की अवधारणा को फिर से परिभाषित करने की सख्त जरूरत है। पहाड़ों में बुनियादी ढांचे का विकास पारिस्थितिकी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। सड़कों के निर्माण में भारी विस्फोटकों के बजाय हरित निर्माण तकनीकों का प्रयोग होना चाहिए। नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में अतिक्रमण को सख्ती से रोकते हुए नो-कंस्ट्रक्शन जोन घोषित किया जाना चाहिए। जब तक पहाड़ों की हरियाली और उसकी मिट्टी की पकड़ मजबूत नहीं होगी, तब तक भूस्खलन और मलबे के साथ आने वाली बाढ़ को नहीं रोका जा सकता। ग्लेशियल झीलों के खतरे से निपटने के लिए आधुनिक उपग्रह निगरानी प्रणालियों का उपयोग कर नियमित मैपिंग की जानी चाहिए

# गौरैया, पक्षी और तितलियां हमारे आसपास से क्यों गायब हो रही हैं ?



एक समय था जब लगभग हर गांव, कस्बे और शहर की सुबह गौरैयों और अन्य पक्षियों की चहचहाहट से शुरू होती थी। तितलियां फूलों से फूलों तक मंडराती थीं और बगीचों, आंगनों तथा खेतों में रंग भर देती थीं। आज बहुत से लोग महसूस करते हैं कि ये परिचित जीव उनके आसपास पहले की तुलना में कम दिखाई देते हैं। इनका कम होना केवल प्राकृतिक सुंदरता का नुकसान नहीं है, बल्कि यह हमारे स्थानीय पर्यावरण में हो रहे बदलावों का संकेत भी हो सकता है।

गौरैया, अन्य पक्षी और तितलियां पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके अस्तित्व के लिए उपयुक्त आवास, भोजन, पानी, पेड़-पौधे और सुरक्षित वातावरण आवश्यक हैं। इनके घटने के पीछे कई कारण हैं, जिनमें से अधिकांश सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से जुड़े हैं।

सबसे प्रमुख कारणों में से एक है प्राकृतिक आवास का नष्ट होना। तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने पेड़ों, खुले स्थानों, बगीचों, झाड़ियों, तालाबों और प्राकृतिक वनस्पतियों की जगह इमारतों, सड़कों और कंक्रीट ने ले ली है। गौरैया पहले घरों की छतों, दीवारों, बालकनियों और छोटी जगहों में घोंसले बना लेती थीं। आधुनिक इमारतों में ऐसी जगहें कम होती जा रही हैं। इसी प्रकार तितलियों को भोजन, अंडे देने और अपना जीवन चक्र पूरा करने के लिए विशेष पौधों की आवश्यकता होती है। प्राकृतिक वनस्पति के समाप्त होने से उनके भोजन और प्रजनन के स्थान भी कम हो जाते हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है कीटों की संख्या में कमी। कई पक्षी कीटों पर निर्भर रहते हैं, विशेषकर अपने बच्चों को भोजन देने के समय। तितलियां और अन्य परागणकर्ता भी फूलों वाले पौधों पर निर्भर होते हैं। कृषि और बागवानी में रसायनों तथा कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से कीटों की संख्या कम हो सकती है और खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो सकती है। कीटों की कमी का सीधा प्रभाव उन पक्षियों पर पड़ सकता है जो इन्हें भोजन के रूप में खाते हैं।

स्थानीय पौधों की कमी भी चिंता का विषय है। स्थानीय पेड़, झाड़ियां, घास और फूलदार पौधे लंबे समय से स्थानीय जीव-जंतुओं के साथ विकसित हुए हैं। वे पक्षियों और तितलियों को भोजन तथा आश्रय प्रदान करते हैं। विविध प्राकृतिक वनस्पतियों की जगह केवल कुछ सजावटी पौधे लगाने से बगीचा सुंदर तो दिखाई दे सकता है, लेकिन उसमें जैव विविधता के लिए आवश्यक संसाधन कम हो सकते हैं। स्थानीय फूलदार पौधे और पेड़ लगाना इसलिए महत्वपूर्ण है।



आधुनिक शहरी निर्माण और डिजाइन भी वन्यजीवों को प्रभावित करते हैं। पुराने घरों में आंगन, छतों की खाली जगह, छोटे छेद और आसपास पेड़-पौधे होते थे, जो गौरैयों के लिए उपयोगी थे। आधुनिक निर्माण में कांच, कंक्रीट और बंद सतहों का अधिक उपयोग होता है, जिससे पक्षियों के लिए घोंसले बनाने की जगह कम हो जाती है। सड़कों और बस्तियों के विस्तार से प्राकृतिक आवास छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाते हैं।

प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या है। वायु प्रदूषण जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। प्रदूषित पानी जलीय पारिस्थितिकी तंत्र और उससे जुड़ी खाद्य श्रृंखलाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। प्लास्टिक कचरा प्राकृतिक आवास को खराब करता है और जीवों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। यातायात, निर्माण और मशीनों का अत्यधिक शोर पक्षियों के संचार को प्रभावित कर सकता है। रात में अत्यधिक कृत्रिम रोशनी भी कीटों और अन्य जीवों के प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित कर सकती है।

जलवायु परिवर्तन भी एक बढ़ती हुई चुनौती है। तापमान, वर्षा और मौसम के समय में बदलाव से फूलों के खिलने, कीटों की उपलब्धता और पक्षियों के प्रजनन पर प्रभाव पड़ सकता है। यदि पौधे पहले फूलने लगें या कीटों की उपलब्धता का समय बदल जाए, तो भोजन की उपलब्धता और पक्षियों की आवश्यकताओं के बीच असंतुलन पैदा हो सकता है। अत्यधिक गर्मी, सूखा, बाढ़ और मौसम की अन्य चरम घटनाएं भी वन्यजीवों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं।

इन जीवों का कम होना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं। पक्षी कीटों की संख्या नियंत्रित करने, बीजों को फैलाने और खाद्य श्रृंखला के संतुलन में योगदान देते हैं। तितलियां और अन्य कीट परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कई अन्य जीवों के लिए भोजन का स्रोत भी हैं। इसलिए जैव विविधता में कमी का प्रभाव केवल एक प्रजाति के गायब होने तक सीमित नहीं रहता।

इनकी रक्षा के लिए हमेशा बड़े संरक्षण प्रोजेक्ट की आवश्यकता नहीं होती। व्यक्तियों और समुदायों के छोटे-छोटे प्रयास भी महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। स्थानीय पेड़ और फूलदार पौधे लगाना भोजन तथा आश्रय उपलब्ध करा सकता है। घरों और बगीचों में अनावश्यक कीटनाशकों के प्रयोग से बचना चाहिए। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए स्वच्छ पानी रखा जा सकता है और पानी के बर्तनों की नियमित सफाई की जानी चाहिए। स्कूल, पार्क और सामुदायिक स्थान छोटे जैव विविधता उद्यान विकसित कर सकते हैं। स्थानीय प्रशासन पुराने पेड़ों की रक्षा, तालाबों का संरक्षण और हरित क्षेत्रों का विस्तार कर सकता है। किसान पर्यावरण के अनुकूल कीट प्रबंधन के तरीकों को अपनाकर जैव विविधता के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हमें प्रकृति से अपना संबंध फिर मजबूत करना होगा। बच्चों को पक्षियों, तितलियों, पेड़-पौधों और कीटों का निरीक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रकृति के प्रति जागरूकता बचपन से विकसित होने पर संरक्षण की भावना भी मजबूत होती है। गौरैया, पक्षियों और तितलियों का कम होना केवल बीते समय की याद नहीं है। यह संकेत हो सकता है कि हमारे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव बढ़ रहा है। स्वस्थ पर्यावरण के लिए पेड़, पौधे, कीट, पानी, आश्रय और जैव विविधता आवश्यक हैं।

**- डॉ. विजय गर्ग**
**सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, शिक्षाविद् एवं विज्ञान लेखक**
**मलोट, पंजाब**

# पारित हो परिसीमन बिल



संसद के मानसून सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से इसके आसार बने हुए हैं कि सरकार महिला आरक्षण से जुड़े परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए फिर से एक विशेष सत्र बुला सकती है। इसके आसार इसलिए भी हैं, क्योंकि एक तो सरकार की ओर से इस संदर्भ में लगातार संकेत दिए जा रहे हैं और दूसरी ओर विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस परिसीमन विधेयक को दोबारा पारित कराए जाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रही है।

कहना कठिन है कि आने वाले दिनों में ऐसा होगा या नहीं और सरकार परिसीमन विधेयक पारित कराने के लिए सितंबर में संसद का विशेष सत्र बुलाएगी या नहीं, लेकिन यदि राजनीतिक दल अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण पर अमल होते हुए देखना चाहते हैं तो उन्हें परिसीमन विधेयक पर सहमति बनानी ही होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता तो आधी आबादी से किया गया यह वादा झूठा ही साबित होगा कि महिलाओं को विधानमंडलों में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

महिला आरक्षण से संबंधित परिसीमन विधेयक को केवल इसलिए हरी झंडी नहीं दिखाई जानी चाहिए, क्योंकि इसके लिए संसद सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त कर चुकी है, बल्कि इसलिए भी ऐसा किया जाना चाहिए, क्योंकि बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए लोकसभा सदस्यों की ओर से लोगों का समुचित प्रतिनिधित्व करना भी आवश्यक है।

वर्तमान में लोकसभा सदस्य औसतन 22 लाख आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक अकेले संसद सदस्य का इतनी बड़ी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर पाना और उसके हितों की चिंता कर पाना बहुत कठिन है। ऐसे में यह आवश्यक है कि परिसीमन विधेयक को मंजूरी देकर महिला आरक्षण का रास्ता साफ किया जाए और लोगों को संसद में समुचित प्रतिनिधित्व भी दिया जाए। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पिछले लगभग 50 वर्षों से जनसंख्या में वृद्धि के बावजूद लोकसभा सीटों की संख्या यथावत है। इन सीटों की संख्या रोके रखना और मौजूदा 543 सीटों पर ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग करना एक तरह से संवैधानिक आवश्यकता की जानबूझकर अनदेखी ही है।

## एक नजर

### यूपी में मानसून सक्रिय, 5 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर भारत में मानसून एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर मूसलाधार वर्षा हुई। पूर्वी यूपी के बांदा जिले में राज्य की सबसे अधिक 22 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, पश्चिमी यूपी के पीलीभीत जिले में 8 सेमी भारी वर्षा दर्ज हुई। मौसम प्रणाली के प्रभाव से राज्य में अगले 5-6 दिनों तक बारिश जारी रहेगी। पूर्वी यूपी में 31 अगस्त को भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जिसके बाद 1 से 5 सितंबर के दौरान व्यापक वर्षा की चेतावनी है। पश्चिमी यूपी में 31 अगस्त और 1 सितंबर को गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने तथा 5 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों को खेतों में जल निकासी की व्यवस्था रखने की सलाह दी है। बारिश के दौरान सिंचाई, कीटनाशक छिड़काव और उर्वरक डालना स्थगित रखें। तेज हवाओं से बचाने के लिए सब्जियों और नए पौधों को सहारा दें।

# लखनऊ को 100.92 करोड़ की बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात

### राजनाथ बोले- केंद्र और राज्य की सोच एक दिशा में हो तो विकास की गति कई गुना बढ़ती है



**लखनऊ।** रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र को 100.92 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। दिलकुशा ग्राउंड में आयोजित समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान रक्षामंत्री ने कहा कि लखनऊ की गति और प्रगति को वह पूरे उत्तर प्रदेश के विकास से जोड़कर देखते हैं।

केंद्र और राज्य सरकार की सोच एक दिशा में चलती है तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ की ऐतिहासिक धरती पर एक साथ अनेक योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि ये 12 परियोजनाएं केवल विकास कार्य नहीं, बल्कि एक संकल्प हैं। भारत विकसित भारत के लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 10-12 वर्ष पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज दुनिया भारत की बात को ध्यान से सुनती है। विकसित भारत की यात्रा बड़े शहरों से शुरू होकर हर मोहल्ले तक पहुंचनी चाहिए। रक्षामंत्री ने कहा कि समय के साथ शहरों की जरूरतें बदलती हैं और उसी के अनुसार नियमों में भी बदलाव जरूरी है। लखनऊ समेत देशभर में बिल्डिंग बाइलॉज में बदलाव किया गया है, जिससे अब अधिक ऊंचाई वाली इमारतों का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि बदलाव केवल इमारतों में नहीं, बल्कि शहर की पहचान और उसकी स्मृतियों में भी होता है। लखनऊ छावनी परिषद की ओर से पांच बाजारों के नाम बदले जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नाम बदलना केवल बोर्ड बदलना नहीं है, बल्कि इससे लोगों की स्मृतियां भी जुड़ती हैं। ऊदा देवी बाजार का नाम सुनकर लोग उनके बलिदान को याद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में नई यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि करीब 20 वर्ष पहले लखनऊ की पहचान जाम, संकरी गलियों और गंदगी से जुड़ी थी, लेकिन आज शहर में आउटर रिंग रोड जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। लखनऊ अब ब्रह्मोस जैसी आधुनिक मिसाइल के केंद्र के रूप में भी विकसित हो रहा है। योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के लखनऊ को संवारने के सपने को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस वर्ष के अंत तक गोमती नदी को पूरी तरह स्वच्छ बनाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश के करीब 60 प्रतिशत एक्सप्रेसवे नेटवर्क का हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश में सबसे बड़ा रेल नेटवर्क और मेट्रो नेटवर्क है। देश की पहली रैपिड रेल और वाटर वे की शुरुआत भी उत्तर प्रदेश में हुई है। वर्तमान में प्रदेश में 17 घरेलू और पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल जी का लखनऊ को संवारने का सपना राजनाथ सिंह पूरा कर रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहली जिम्मेदारी नागरिकों की सुरक्षा है। उन्होंने बताया कि बागपत में आर्म्ड फोर्स की भर्ती की तैयारी के लिए शुरू किया गया प्रयोग सफल रहा है, जहां 65 प्रतिशत बच्चों का चयन हुआ। इसी प्रयोग को अब लखनऊ में भी शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि छावनी परिषद को अब फंड की कमी नहीं होगी और लखनऊ छावनी को आदर्श छावनी के रूप में विकसित किया जाएगा।

## गोमती ग्रीन कॉरिडोर पर पर्यावरण विशेषज्ञ का इस्तीफा

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के बाढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लेकर जिला गंगा समिति के सदस्य और बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. वेंकटेश दत्ता ने समिति की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। ग्रीन कॉरिडोर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है।

प्रो. दत्ता ने परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि नदी की पारिस्थितिकी, प्राकृतिक बाढ़ क्षेत्र और जल-विज्ञान संबंधी कार्यप्रणाली की अनदेखी कर बुनियादी ढांचा विकास को प्राथमिकता देना गोमती नदी के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इस्तीफे में उन्होंने कहा कि जिला गंगा समिति ने गोमती के बाढ़ क्षेत्र के किनारे ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की सिफारिश की है, जबकि उन्होंने नदी के बाढ़ क्षेत्र और पारिस्थितिकीय अखंडता की सुरक्षा को लेकर कई सुझाव और आपत्तियां रखी थीं। परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा के लिए डीपीआर और ईआईए मांगे जाने के बावजूद समिति के सदस्य होने के बाद भी उन्हें ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। प्रो. दत्ता ने वर्ष 2015 में शुरू हुई गोमती रिवरफ्रंट परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि गहरी डायाफ्राम दीवारों के निर्माण से नदी का प्राकृतिक बाढ़ क्षेत्र पहले ही सीमित हुआ है। अब ऊंचे तटबंध और बाढ़ क्षेत्र के आर-पार चार लेन की सड़क बनने से नदी और अधिक सीमित हो सकती है। उन्होंने गोमती में गिर रहे बिना उपचारित सीवेज को भी गंभीर चिंता बताया। उनके अनुसार नदी की प्राथमिकता सीवेज का उपचार, जल गुणवत्ता में सुधार, नालों और सहायक नदियों का पुनर्जीवन, आर्द्रभूमियों की सुरक्षा और प्राकृतिक बाढ़ क्षेत्र की बहाली होनी चाहिए। प्रो. दत्ता ने मांग की कि नदी संरक्षण से जुड़े निर्णयों में पर्यावरण वैज्ञानिकों और नदी पारिस्थितिकी विशेषज्ञों की राय को उचित महत्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए बिना और वैज्ञानिक सुझावों पर विचार किए बिना समिति में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

## यूपी में 9 साल में सुरक्षा और सुशासन का नया सफर: योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य ने गत नौ साल में सुरक्षा, सुशासन की एक नई यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पहले राज्य की राजधानी लखनऊ में लोगों को जाम, संकरी गलियों और गंदगी की वजह से मुस्कराने के बजाय रोने पर मजबूर होना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं की मौजूदगी में लखनऊ छावनी को आदर्श छावनी के रूप में विकसित करने के लिए 12 विकास परियोजनाओं के भूमि पूजन एवं शिलान्यास के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''उत्तर प्रदेश ने गत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में सुरक्षा, सुशासन की एक नयी यात्रा तय की है।'' उन्होंने कहा, ''जब हम प्रदेश की राजधानी लखनऊ को देखते हैं तो आज से 20 वर्ष पहले लखनऊ रेलवे स्टेशन पर एक बोर्ड पर लिखा होता था- मुस्कुराइये आप लखनऊ में हैं, लेकिन तब लखनऊ में लोगों को जाम, संकरी गलियों और गंदगी की वजह से मुस्कुराने के बजाय रोने पर मजबूर होना पड़ता था।'' योगी ने कहा, ''आज मैं कह सकता हूं कि लखनऊ ने अपनी पुरानी विरासत के साथ आधुनिक स्मार्ट सिटी के रूप में नयी पहचान बनायी है।''

## एलडीए अप्रूव्ड प्लाट के नाम पर रकम हड़पने का आरोप

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में एलडीए अप्रूव्ड प्लाट देने के नाम पर रकम हड़पने के आरोप में अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ दो और मुकदमे दर्ज हुए हैं। दोनों मामलों में कंपनी के चेयरमैन सुशील अंसल, वाइस चेयरमैन प्रणव अंसल समेत आठ अधिकारियों को नामजद किया गया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि प्लाट देने का भरोसा देकर उनसे रकम ली गई, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद प्लाट उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दस्तावेजों और लेनदेन से जुड़े साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।

# यूपी में भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर चौतरफा हमला बोला। आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल के इस्तीफे का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार इस कदर चरम पर है कि ईमानदार अधिकारी इस सरकार में काम नहीं करना चाहते और दुखी होकर नौकरी छोड़ रहे हैं। राज्य की चरमराई कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घेरते हुए अखिलेश यादव ने हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की सरेआम हुई हत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले गोगी गैंग को मौजूदा सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश की बहुमूल्य ऐतिहासिक धरोहरों को निजी हाथों में बेचने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने छतर मंजिल का उदाहरण देते हुए कहा कि सपा कार्यकाल में जहां इस ऐतिहासिक स्थान पर भव्य सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था, वहीं भाजपा ने अब इसे निजी क्षेत्र को सौंप दिया है। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह राज्य की कई अन्य पुरानी इमारतों को भी निजी हाथों में दिया जा रहा है।

### 26 हजार प्राइमरी स्कूल दोबारा खोलने का वादा

शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (PDA) वर्ग के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसलिए सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि राज्य में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही बंद किए गए सभी 26,000 प्राइमरी स्कूलों को दोबारा शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने की बात कही और जल्द ही इनके सबूत सार्वजनिक करने की चेतावनी दी। अखिलेश ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल तथा चीनी की कीमतों को लेकर भी जनता की तरफ से सरकार को आड़े हाथों लिया।

## स्वाइन फ्लू बढ़ा, डॉक्टरों की छुट्टियों पर लगी रोक

**लखनऊ।** स्वाइन फ्लू, वायरल और मौसमी बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों की क्षमता के अनुसार फ्लू मरीजों के लिए 10 से 20 बिस्तरों के आइसोलेशन वार्ड बनाने को कहा। अपरिहार्य कारणों के बिना डॉक्टर, सीएमओ, सीएमएस और पैरामेडिकल स्टाफ को अवकाश नहीं दिया जाएगा। शासन की अनुमति के बिना स्वीकृत अवकाश निरस्त माना जाएगा।

## हजरतगंज की शान 'इंडियन कॉफी हाउस' वीरान, 3 महीने से लटका ताला

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज की शान कहा जाने वाला ऐतिहासिक 'इंडियन कॉफी हाउस' इन दिनों पूरी तरह वीरान है। कभी बुद्धिजीवियों और राजनेताओं की गहमागहमी से गुलजार रहने वाले इस ठिकाने पर पिछले तीन महीने से ताला लटक रहा है, जिससे यहां पहुंचने वाले लोग निराश होकर लौट रहे हैं।.र

यह कॉफी हाउस दशकों तक कवियों, लेखकों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और कलाकारों का मुख्य अड्डा हुआ करता था। मोबाइल फोन के दौर से पहले, उत्तर प्रदेश की

▸ **नेहरू और वाजपेयी की पसंदीदा बैठकी पर पिछले तीन महीने से ताला**

तमाम बड़ी राजनीतिक खबरें और सियासी गॉसिप इसी छत के नीचे से निकलती थीं। 4 से शुरू होकर 50 के सफर तक पहुंचने वाली यहां की कॉफी के साथ देश और प्रदेश के बड़े मुद्दों पर निष्कर्ष निकाले जाते थे। इस कॉफी हाउस की दीवारें यूपी की पल-पल बदलती सियासी तस्वीरों की गवाह रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जैसी दिग्गज हस्तियां यहां कॉफी की चुस्की लेते थे। पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह ने तो इस्तीफा देने के बाद सबसे पहला रुख इसी कॉफी हाउस का किया था। पूर्व महापौर डॉ. दाऊजी गुप्ता भी नियमित रूप से यहां की बहसों का हिस्सा बनते थे। संचालन के विवाद के बाद अरुणा सिंह ने इसकी विरासत को संजोने का प्रयास किया था, लेकिन सन्नाटा बढ़ने के कारण उनका भी इससे मोहभंग हो गया। दाऊजी गुप्ता समेत इसके नियमित चेहरों के दिवंगत होने और तीन महीने पहले लगे ताले ने लखनऊ के इस ऐतिहासिक विमर्श केंद्र को फिलहाल खामोश कर दिया है।

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत खटीमा पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 29 अगस्त 2026 की शाम चौकी सत्रहमील मझौला पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम जाधवपुर से सत्रहमील आने वाली सड़क पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के जरीकेन में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान बलजीत सिंह (33) पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी ग्राम बलखेड़ा, थाना नानकमत्ता, जिला ऊधमसिंहनगर के रूप में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना खटीमा में अभियोग दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी सत्रहमील मझौला उपनिरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल मनोज देवलाल और कांस्टेबल जगदीश नगरकोटी शामिल रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्यावती का दिल के दौरे से निधन, परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम खेलड़िया में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्यावती (लगभग 51 वर्ष) का अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।



विद्यावती मृतक।

बताया गया कि बीते सोमवार को विद्यावती की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में खटीमा के प्रयास अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें भोजीपुरा स्थित राममूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच और उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए फिर अन्यत्र ले जाने की सलाह दी। इसके पश्चात विद्यावती को रुद्रपुर स्थित नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद बीते शनिवार शाम को परिजन उन्हें घर वापस ला रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। विद्यावती के निधन से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे पति अक्षय कुमार, पुत्री सुमन तथा पुत्र अभिषेक कुमार को रोता बिलखता छोड़ गई हैं। उनकी पुत्री सुमन का विवाह पूर्व में हो चुका है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने और परिवार को ढांढस बंधाने वालों का तांता लगा रहा। मृतका का नारायण नगर जगबूड़ा घाट पर रविवार को अंतिम संस्कार किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 19 का चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब एवं नशे का सेवन कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कोतवाली खटीमा पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने 19 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. उत्तम सिंह नेगी एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा नीरज सेमवाल के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुठीं के निर्देशन में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक



स्थानों पर निगरानी करते हुए शराब पीने और शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन कर माहौल खराब करने तथा शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन न करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर-सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर-सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों—ब्लू, ग्रीन, रेड एवं येलो हाउस के विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 5 से 7 ग्रीन हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग कक्षा 8 से 12 में ब्लू हाउस विजेता रहा। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट टीम भावना, अनुशासन का परिचय दिया। विद्यार्थियों के उत्साह और दर्शकों के प्रोत्साहन ने पूरे



प्रतियोगिता की विजय ब्लू हाउस की टीम। -जागरण मोर्चा

वातावरण को रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फादर जॉनी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर थेरेसा एंटनी ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का समापन स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, एकता, अनुशासन एवं खेल भावना के संदेश के साथ हुआ।

## बूथ संख्या-2 पर सुनी गई 'मन की बात'

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने रविवार को बूथ संख्या-2 पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों के साथ साझा किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं जनहित से जुड़े संदेशों को उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं संदेशों पर चर्चा की। इस अवसर पर कमलजीत सिंह चौहान, शुभम पटवा, तरुण तिवारी, मनीष, रोहित, राहुल, बबलू, मेहताब, प्रदीप सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम का श्रेय किसी एक व्यक्ति या पार्टी को नहीं: योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना अवंती बाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रविवार को कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का श्रेय कोई एक व्यक्ति, पार्टी या क्षेत्र नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए पूरे भारत ने एक स्वर और एक दिशा में संघर्ष किया, जिसके सामने ब्रिटिश सत्ता का सिंहासन भी डोल उठा था।

मुख्यमंत्री ने यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में जिला लोधी क्षत्रिय राजपूत सभा, लखनऊ द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की लखनऊ में स्थापित प्रतिमा के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। आदित्यनाथ ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में बैरकपुर में मंगल पांडेय ने जो चिंगारी प्रज्वलित की थी, उसे झांसी में रानी लक्ष्मीबाई ने आगे बढ़ाया और मेरठ में धन सिंह गुर्जर ने नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि झांसी और ग्वालियर के बीच उस संघर्ष का नेतृत्व वीरांगना अवंती बाई लोधी ने मात्र 26 वर्ष की आयु में किया और वह देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख सेनानियों में शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी, रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना ऊदा देवी और झलकारी बाई के बलिदान यह साबित करते हैं कि मातृशक्ति किसी से कम नहीं है। यदि महिलाओं को अवसर मिले तो वे जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती हैं।





## एक नजर

### बीसलपुर में सपा नेता डॉ. रत्नेश गंगवार का भव्य स्वागत आज

**बीसलपुर :** समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार बीसलपुर आगमन पर वरिष्ठ नेता डॉ. रत्नेश गंगवार का पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। उनके प्रथम बीसलपुर दौरे को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और स्वागत कार्यक्रमों के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डॉ. रत्नेश गंगवार के स्वागत का काफिला रोहनिया से शुरू होकर चढिया सेवा राम, बीसलपुर चीनी मिल, इमरान के आवास, ईदगाह चौराहा और पेट्रोल नगर पुलिस चौकी होते हुए आगे बढ़ेगा। इसके बाद उनके निजी कार्यालय पर कार्यकर्ता उनका अभिनंदन करेंगे। दौरे का मुख्य कार्यक्रम तारा वैवेट हॉल, बीसलपुर में आयोजित होगा, जहां स्वागत समारोह के बाद डॉ. गंगवार एक प्रेसवार्ता को भी संबोधित करेंगे। डॉ. रत्नेश के पार्टी में शामिल होने के बाद बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक पारा चढ़ गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, तेहरे भाई की हालत गंभीर

### बाजार से सब्जी लेकर बाइक से लौट रहे चचेरे भाइयों को हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जहानाबाद मे बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे दो चचेरे भाइयों को हरिद्वार नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल से रेफर कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव भौना हुसैन नगर निवासी पीतम राम 45 शनिवार रात करीब 8 बजे अपने तेहरे भाई सर्वेश 30 के साथ बारात बोझ निसरा में लगने वाली बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित निसरा राइस मिल के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जहानाबाद ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने पीतम राम को मृत घोषित कर दिया। सर्वेश की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीतम राम की पत्नी का काफी समय पहले निधन हो चुका है। और उनके तीन बेटे हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।



पोस्टमार्टम हाउस में परिजन। -जागरण मोर्चा

# कागजी शेरों की लापरवाही से लहूलुहान हुआ शांतिनगर

## किसान की लाश तिराहे पर रखकर जनता ने मांगा सीधा हिसाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत/हजारा।** वन विभाग की कुंभकर्णी नींद और बेपरवाह कार्यशैली ने एक बार फिर एक मेहनतकश किसान की जान की बाजी लगा दी। हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर में केले और गन्ने की फसल की निगरानी करने गए 60 वर्षीय किसान मुंशी प्रसाद पर घात लगाए बैठे आदमखोर बाघ ने जानलेवा हमला बोल दिया।जंगली जानवर बुजुर्ग किसान को जबड़ों में दबोचकर गन्ने के घने खेतों में खींच ले गया।ग्रामीणों ने भारी मशक्कत और शोर शराबे के बाद उन्हें लहूलुहान हालत में बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और निजी चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खौफनाक वारदात के बाद पूरे इलाके में वन महकमे की नीतियों के खिलाफ जनाक्रोश का ऐसा सैलाब उमड़ा जिसने



प्रशासनिक अमले के हाथ पांव फुला दिए। लंबे समय से इलाके में घूम रहे जंगली जानवरों की चेतावनियों को रद्दी की टोकरी में फेंकने वाले अफसरों को जगाने के लिए गुस्साए परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार रात से ही मुंशी प्रसाद का शव रामनगर तिराहे पर रखकर चक्काजाम ठोक दिया। शनिवार दोपहर एक बजे तक सड़क पर कफ़न बिछा रहा और पूरा मुख्य मार्ग बंधक बना रहा।मृतक के पुत्र संजय कुमार ने दो टूक रुख अपनाते हुए प्रशासन को मांग पत्र सौंपा और पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा, आश्रित को सरकारी नौकरी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान तथा लापरवाह वनकर्मियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग रखी। तनाव बढ़ता देख एसडीएम मयंक गोस्वामी, तहसीलदार आशीष गुप्ता, हजारा एसओ सरद यादव और पूरनपुर कोतवाल पवन पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों चली तीखी नोकझोंक और अफसरों द्वारा मांगों पर ठोस कार्रवाई का भरोसा दिए जाने के बाद करीब 18 घंटे चला जाम समाप्त हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# भारत को जानो 26, परीक्षा कल आज तैयारियां चुस्त दुरुस्त



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज भारत विकास परिषद शाखा टाइगर रोहिलखंड प्रान्त एनसीआर वन द्वारा कल आज होने वाली भारत को जानो 26 की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जूनियर ग्रुप कक्षा 6 से 8 की व्यवस्था का दायित्व वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार शर्मा व अनूप सहगल तथा जूनियर 9 से 12 की व्यवस्था का दायित्व वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर विजय कुमार सिंह बी के कपूर संभाल रहे हैं। संपूर्ण परीक्षा का नियंत्रण भारत को जानो शाखा संयोजक अरविंद कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष आरती गंगवार कर रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों में ओएमआर शीट कैसे भरें,परीक्षा के पाठ्यक्रम, समय प्रबंधन, के बारे में जानकारी दी जा चुकी है शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि श्रेष्ठतम छात्रों की टीम को प्रांत में भेजना लक्ष्य है इसके लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किए गए हैं ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में कल मुख्य परीक्षा कल मुख्य परीक्षा तीन बजे से संपन्न होगी चनियत प्रतिभागी 2:45 तक रिपोर्ट करें।

# शराब के नशे में तीस मीटर ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेहरी गांव में शनिवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक शराब के अत्यधिक नशे में जल जीवन मिशन की करीब 25-30 मीटर ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक ने ऊपर से कूदकर अपनी जान देने की धमकी देते हुए वहां चल रहे सरकारी विकास कार्य को जबरन रुकवा दिया और प्रशासनिक कार्य में भारी बाधा डाली। इस पूरे हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद रविवार को सुनगढ़ी पुलिस ने एडीओ की तहरीर पर मुख्य आरोपी और उसके साथियों सहित 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत बेहरी में तैनात एडीओ मेहरबान सिंह राणा द्वारा सुनगढ़ी थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, यह




पूरी घटना 29 अगस्त की शाम करीब 5 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि बेहरी का मूल निवासी योगेश कुमार पुत्र लीलाराम अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी ऊंची पानी की टंकी के शीर्ष पर पहुंच गया है। आरोप है कि योगेश कुमार पूरी तरह नियमों का उल्लंघन करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों पर अपनी मर्जी से जबरन पाइपलाइन बिछाने तथा अन्य काम करने का अनुचित दबाव बना रहा था। जब मौके पर मौजूद जिम्मेदार लोगों और ग्रामीणों ने उसे समझाने-बुझाने और सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया, तो वह उग्र हो गया। उसने नीचे खड़े अपने कुछ साथियों के उकसावे में आकर टंकी की रेलिंग पकड़ ली और वहां से सीधे नीचे कूदने की धमकी देने लगा। टंकी पर युवक के चढ़ने और कूदने की धमकी की खबर से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ और काफी कड़ी मशक्कत के बाद योगेश कुमार को समझा-बुझाकर सुरक्षित नीचे उतारा, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिसिया तहरीर के मुताबिक टंकी से नीचे उतरने के बाद भी आरोपी के तेवर ठंडे नहीं पड़े। योगेश कुमार ने नीचे आते ही अपने साथी कुलदीप पुत्र राम औतार, सुमित पुत्र गजेंद्र सिंह, बृजगोपाल पुत्र घनश्याम, और शुभम कटरिया पुत्र प्रेमपाल कटरिया सहित करीब 25 से 30 अज्ञात उपद्रवी व्यक्तियों को इकट्ठा कर लिया। इन सभी ने मिलकर गांव के सार्वजनिक रास्ते को पूरी तरह जाम कर दिया। उन्होंने विकास कार्य को जबरन रोकते हुए नियम विरुद्ध तरीके से पाइपलाइन डालने के लिए हंगामा किया, जिससे जल जीवन मिशन का सरकारी कार्य पूरी तरह बाधित हो गया। एडीओ मेहरबान सिंह राणा की इस गंभीर शिकायत को संज्ञान में लेते हुए सुनगढ़ी पुलिस ने नामजद आरोपियों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक जांच शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीओ अमरनाथ वर्मा ने कड़ा संदेश देते हुए बताया कि अपनी किसी भी मांग को मनवाने के लिए कानून को हाथ में लेना और इस तरह का जानलेवा व अराजक प्रदर्शन करना पूरी तरह गलत और गैरकानूनी है।

## संक्षेप समाचार

### थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।पुलिस से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आज थाना सुनगढ़ी पुलिस टीम द्वारा थाना सुनगढ़ी पर पंजीकृत धारा 352/109/351(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में नामित में अभियुक्त संजीव भारती पुत्र मोहनलाल उम्र करीब 25 वर्ष हाल निवासी टीपी नगर कालोनी को मुखबिर खास की सूचना पर रामलीला रोड मण्डी गेट का पास घटना में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूश के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। जहां से उसे जेल भेज दिया गयागिरफ्तार करने वाली पलिस टीम मे उपनिरीक्षक प्रधुम्न कुमार रमेशचन्द्र, आदेश कुमार, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की चौखट पर साले बहनोई में जमकर चले लात-घूंसे, बेबस महिला जोड़ती रही हाथ, वीडियो वायरल

**पीलीभीत/पूरनपुर।** खाकी के पहरे और थाने की नाक के नीचे कानून के खौफ की हवा कैसे निकलती है, इसका जीता जागता उदाहरण घुंघचाई में देखने को मिला ।घुंघचाई थाना गेट पर साले और बहनोई के बीच सरेराह हुई मारपीट का एक सनसनीखेज वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ।बीच सड़क पर दोनों पक्षों में जमकर लातघूंसे चले, जबकि बेबस महिला विवाद शांत कराने के लिए दोनों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाती रही ।बताया जा रहा है कि घरेलू कलह के चलते पति अपनी पत्नी से अभद्रता और मारपीट कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे महिला के भाई ने बहन पर जुल्म होते देख विरोध जताया। बात बढ़ने पर थाने के ठीक मुख्य द्वार पर ही दोनों गुत्थमगुत्था हो गए। थाने के मुहाने पर काफी देर तक यह ड्रामा चलता रहा, लेकिन अंदर मौजूद पुलिसकर्मी बाहर आकर तमाशा रोकने की जहमत तक नहीं उठा सके।

### शोक संवेदना व्यक्त करने दियोरिया पहुंचे किसान नेता देवस्वरूप पटेल

**पीलीभीत।** क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक किसान नेता देवस्वरूप पटेल रविवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान राम बहादुर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती हसमुखी मिश्रा के निधन की सूचना पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे और परिवार के साथ मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की जहां पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद मिश्रा द्वारा किसान नेता देवस्वरूप पटेल दियोरिया पूरनपुर मार्ग जंगल में नरई पुलिया के पास कटा होने की जानकारी दी गई सूचना पर मीडिया कर्मियों के साथ किसान नेता देवस्वरूप पटेल मौके पर पहुंचे और उन्होंने कटी हुई सड़क को देखा यहां से पूरनपुर के लिए सिर्फ दोपहिया वाहनों का आवागमन बड़ी मुश्किल से हो रहा है चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद है जिस पर किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने मौके से प्रांतीय खंड पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता राजेश चौधरी से फोन पर वार्ता कर तत्काल कटे हुए मार्ग को सही कराकर आवागमन सुचारू करने के निर्देश दिए जिस पर अधिशाषी अभियंता राजेश चौधरी ने किसान नेता देवस्वरूप पटेल को एक सप्ताह में कटी सड़क पर मिट्टी डलवाकर आवागमन सुचारू करने का आश्वासन दिया है।

# सेवानिवृति के बाद भी योजना का लाभ देने की मांग को लेकर टीएससीटी ने मुख्य मंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम पदाधिकारियों ने शिक्षकों के लिए लांच की गई मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना को सेवानिवृति के बाद भी जारी रखने सहित परिवार के सुख दुख के लिए विशेष अवकाश दिए जाने सम्बंधी मुख्य मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बीसलपुर विधायक के पिता पूर्व मंत्री राम सरन वर्मा को सौंपा। रविवार को टीएससीटी के जिला संयोजक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में टीम के लोग बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के आवास पर पहुंचे। बीती रात उनके अचानक लखनऊ चले जाने की सूचना पाकर टीम ने उनके पिता पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों एवं उनके परिवारों के



लिए कैशलैस चिकित्सा योजना की सुविधा सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रखने तथा परिवार अथवा निकट संबंधियों में मृत्यु, माता-पिता के अस्वस्थ होने, संतान के जन्म सहित अनेक ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जिनके लिए वर्तमान अवकाश व्यवस्था में कोई विशेष अवकाश उपलब्ध नहीं है। ऐसे में शिक्षकों को पूरे वर्ष में मिलने वाले 14 आकस्मिक अवकाश को वर्तमान सामाजिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के तहत अपर्याप्त बताते हुए 15 दिवस का विशेष अवकाश प्रदान किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी गई। शिक्षक समाज की भावनाओं एवं मांगों को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मंत्री वर्मा ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभावी प्रयास करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में जिला कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिला आईटी सेल प्रभारी शिवम सक्सेना, ब्लॉक संयोजक राजवीर सिंह तथा ब्लॉक सह संयोजक प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# घर में बंद कर युवक की बेरहमी से पिटाई, इलाज को ले जाते समय मौत

**मामूली बातचीत के बाद शराब के नशे में मारपीट का आरोप, तीन आरोपी हिरासत में; अन्य की तलाश जारी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के सिसैईया गांव में शनिवार रात मामूली बातचीत को लेकर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने शराब के नशे में 38 वर्षीय संजय कुमार उर्फ छोटेलाल को घर में बंद कर बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए पीलीभीत ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।मृतक की पहचान संजय कुमार उर्फ छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र प्रताप के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक शनिवार शाम करीब आठ बजे गांव के ही कन्हई लाल ने परिवार के अन्य लोगों के साथ मिलकर संजय के साथ मारपीट की। आरोप है कि संजय को घर में बंद कर काफी देर तक पीटा गया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए पीलीभीत ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।परिजनों ने संजय की पत्नी उमा देवी के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा बच्चों के साथ भी मारपीट का आरोप है। संजय के तीन बच्चे हैं—बड़ी बेटी खुशबू, बेटी दीक्षा और छोटा बेटा आलोक। पिता की मौत के बाद तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।बताया गया कि संजय बाहर जाकर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बताया जा रहा है। सूचना पर बरखेड़ा पुलिस के साथ आसपास के थानों की पुलिस भी मौके पर।

**27 चुनाव की सुगबुगाहट** कथनी-करनी का अंतर सामने आने से बीसलपुर और पीलीभीत सदर सीट सपा के पाले में जाने को तैयार

# भाजपा के लिए 'आग का दरिया' बना पीलीभीत का सियासी मैदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** कहीं ना कहीं 2027 के विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट अभी से नज़र आने लगी है। इस बार का चुनाव कोई आसान मंज़िल नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि यह एक आग का दरिया है और डूब के जाना है। जनता-जनार्दन को इस बार सत्ता पक्ष की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर साफ़ दिखाई दे रहा है। यदि हम खास तौर से बात करें तो पीलीभीत जिले की पीलीभीत सदर विधानसभा और बीसलपुर विधानसभा—दोनों की दोनों सीटें सीधे-सीधे भाजपा के हाथ से खिसक कर समाजवादी पार्टी में जाने को तैयार बैठी हैं।

**बीसलपुर विधानसभा: पूर्वी बिरादरी के वर्चस्व के बीच डॉ. रत्नेश गंगवार के आने से बदला समीकरण** : दिव्या गंगवार के संघर्ष और सत्यपाल गंगवार की दावों के बीच बदलाव के मूड में दिखी जनता यदि हम बीसलपुर विधानसभा की बात करें तो यह सीट हमेशा से पूर्वी बिरादरी के पक्ष में रही है। इस सीट पर पूर्व मंत्री बाबू तेज बहादुर गंगवार और पूर्व मंत्री हरीश गंगवार का दबदबा रहा है, लेकिन इस बार फिर से समीकरण बदलते हुए नज़र आ रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र और जिला पंचायत सदस्य के पति डॉ. रत्नेश गंगवार के समाजवादी पार्टी में शामिल होते ही उनका कद काफी बढ़ गया है, और जनता भी अब चीख-चीख कर कह रही है कि बदलाव बहुत जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, बीसलपुर सीट पर पूर्व सांसद परशुराम गंगवार की बेटी दिव्या गंगवार भी समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने के बाद लगातार संघर्ष कर रही हैं। इसके अलावा इस बीसलपुर सीट पर सत्यपाल गंगवार भी अपना भाग्य आजमा चुके हैं।

**पीलीभीत सदर विधानसभा: लोध-मुस्लिम समीकरण और मंत्री विरोधियों का हेमराज वर्मा के पाले में जाना भारी : भाजपा में घुटन के बाद पुरानी पार्टी में वापसी से बढ़ा हेमराज वर्मा का कद, भाजपा के लिए 27 का चुनाव हुआ कमजोर:** यही हाल पीलीभीत सदर विधानसभा का भी 2027 के चुनाव को लेकर दिखाई पड़ रहा है। भाजपा में घुटन महसूस करते हुए नेता एक बार पुनः अपनी पुरानी पार्टी में वापस कर गए हैं। इस विधानसभा में लोध किसान और समाजवादी पार्टी का पक्का वोट बैंक 'मुस्लिम' बराबर की कगार पर खड़ा हुआ है। ऐसे में वर्तमान मंत्री के लिए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा बहुत बड़े हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। वर्तमान मंत्री के जितने भी विरोधी हैं, वे सब अभी हेमराज के पाले में बैठने को तैयार खड़े दिखाई दे रहे हैं। इसी कारण 27 का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए कहीं ना कहीं बेहद कमजोर साबित हो रहा है।

**मझोला के किसानों में भारी रोष:** विकास की गंगा की जगह सिर्फ झूठ और वादों का अंबार जर्जर बिजली लाइन, टूटी सड़कें और बंद पड़ी मझोला चीनी मिल से जनता और व्यापारी बेहाल विधानसभा के मझोला क्षेत्र के किसानों का स्पष्ट मानना है कि जो कहा गया था, वह सत्य साबित नहीं हुआ और किसानों के साथ सीधा धोखा हुआ है।

# रोड नहीं तो वोट नहीं– पीलीभीत के मैत्रीबाग में ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार का ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के मरौरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिड़ियादाह की मैत्रीबाग कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन और जन प्रतिनिधियों की अनदेखी से तंग आकर आगामी चुनावों के पूर्ण बहिष्कार का शंखनाद कर दिया है। कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा एक विशाल बैनर लगाया गया है, जिस पर साफ शब्दों में 'चुनाव बहिष्कार' और 'रोड नहीं तो वोट नहीं' जैसे नारे लिखे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक वे पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक किसी भी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे और न ही किसी राजनीतिक दल के नेता को क्षेत्र में प्रचार करने की अनुमति देंगे।मैत्रीबाग कॉलोनी के निवासियों का आरोप है कि पिछले लंबे समय से वे जलभराव और जर्जर रास्तों की मार झेल रहे हैं। मामूली बारिश होते ही पूरी कॉलोनी जलमग्न हो जाती है। सड़कों पर कई फीट गहरा पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति कॉलोनी के मुख्य मार्ग और नालियों की है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर भरा रहता है, जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को इस दूषित पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वे इस समस्या की शिकायत ग्राम प्रधान से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से कई बार कर चुके हैं। हर बार उन्हें सिर्फ खोखले आश्वासन ही मिलते हैं, लेकिन धरातल पर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नेताओं को केवल चुनाव के समय ही जनता की याद आती है और वोट लेने के बाद वे अपनी सुख-सुविधाओं में व्यस्त हो जाते हैं। विकास के नाम पर कॉलोनी के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जिससे अब जनता का सब्र का बांध पूरी तरह टूट चुका है। इस बार कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से वोट न देने की शपथ ली है। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि मैत्रीबाग कॉलोनी के मुख्य मार्ग और नालियों का पुनर्निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही जलभराव की समस्या से हमेशा के लिए निजात दिलाने के लिए माधोटांडा रोड पर एक बड़े और पक्के नाले का निर्माण कराया जाए। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक माधोटांडा रोड पर नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता और कॉलोनी की सड़कों की दशा नहीं सुधरती, तब तक कोई भी नागरिक पोलिंग बूथ पर वोट डालने नहीं जाएगा। ग्रामीणों के इस कड़े रुख और चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद प्रशासनिक अमले और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं सुलझी युवक के मौत की गुत्थी, बिसरा किया प्रिजर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** पत्नी के साथ ससुराल से घर आ रहे हैं युवक की रास्ते में रहस्यमय में ढंग से हुई मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी नहीं सुलझ पाई। पुलिस ने मृतक का बिसरा प्रिजर्व कर लिया है।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी धर्मपाल यादव ने शनिवार को कोतवाली में सूचना दी थी कि उनकी भाभी रिंकी गत 27 अगस्त को उनके 42 वर्षीय भाई रामवीर को उसका इलाज करने के लिए पीलीभीत लेकर गई थी। अस्पताल से उनके भाई को अपनी मायके गणेशपुर गोटिया पीलीभीत ले गई थीं। शनिवार सुबह करीब 10:35 बजे रिंकी अपने पति रामवीर का शव लेकर घर पहुँची। शव को देखने पर रामवीर के प्राइवेट पार्ट पर नीले रंग के निशान पाए गए। युवक के सब को लेकर उसके परिवार वालों ने काफी हंगामा किया था। रिंकी देवी पर शक व्यक्त किया था। पुलिस ने मृतक के सबको पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा था। रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट ए जाने के बाद भी युवक के मौत के रहस्य का कारण पता नहीं चल पाया। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है मृतक के बिसरे को रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। उसे सुरक्षित कर लिया गया है। घटना के संबंध में मृतक के भाई धर्मपाल ने भाई रामवीर की मौत के पीछे भाभी रिंकी का षड्यंत्र होने की आशंका जाहि र की है। विसरा रिपोर्ट आने तक पुलिस कार्यवाही की प्रतीक्षा करेगा।

# नेपाल की तबाही ने फिर कुरेद दिया 1989 में आई शारदा की जलप्रलय का जख्म

## पूर्व में आई बाढ़ के बाद नेपाल ने अपने क्षेत्र में बनाया था झूला पुल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** नेपाल में आई त्रासदी की खबरों ने शारदा नदी के सीमांत क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों के जख्म फिर हरे कर दिए हैं। पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश और नेपाल-उत्तराखंड की नदियों के उफान से वर्ष 1989 में शारदा ने जो रौद्र रूप दिखाया था, उसकी भयावह यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजा हैं। उस समय नदी सिर्फ खेतों की मेड़ नहीं काट रही थी, बल्कि देखते ही देखते लोगों के घर, बस्तियां और पीढ़ियों की मेहनत अपने साथ बहा ले गई थी। गभिया सहराई का करीब आधा हिस्सा शारदा की धारा में समा गया था। सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन का नामोनिशान मिट गया था। इधर नेपाल में आई हालिया त्रासदी ने सीमांत क्षेत्र के लोगों को उसी पुराने मंजर की याद दिला दी है। बारिश तेज होते ही नदी किनारे बसे परिवारों की निगाहें शारदा के जलस्तर पर टिक जाती हैं।

**गभिया सहराई का आधा हिस्सा शारदा में समा गया :** गभिया सहराई निवासी अजीत मंडल आज भी उस मंजर को याद कर सिहर उठते हैं। उनका कहना है कि 1989 की बाढ़ में देखते ही देखते गभिया सहराई क्षेत्र का आधा हिस्सा शारदा नदी की भेंट चढ़ गया था। जिन खेतों में कभी फसलें लहलहाती थीं, वहां बाद में शारदा की धार बहने लगी। कई परिवारों के सामने रहने और रोजी-रोटी दोनों का संकट खड़ा हो गया।

**बस्तियां उजड़ीं, खेत कटे, पीढ़ियों की कमाई बह गई :** शारदा नदी से सटे कलीनगर तहसील क्षेत्र में बाढ़ और कटान ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई थी। कई बंगाली और पूर्वी कॉलोनियों का बड़ा हिस्सा नदी में समा गया था। किसानों की सैकड़ों एकड़ भूमिधरी जमीन कटकर शारदा की धारा का हिस्सा बन गई। जिन परिवारों ने वर्षों की मेहनत से घर और खेत बनाए थे, उन्हें सब कुछ पीछे छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार उस समय क्षेत्र में बसे कई परिवारों के लोग तैरना जानते थे। इससे बड़े पैमाने पर जनहानि तो टल गई, लेकिन आर्थिक और सामाजिक नुकसान इतना बड़ा था कि उसकी भरपाई आज तक नहीं हो सकी। चार दशक बाद आज भी उनका परिवार और कई अन्य प्रभावित परिवार खुद को बाढ़ पीड़ित मानते हैं।

## संक्षेप समाचार

### शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

**घुंघचाई/पूरनपुर।** शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध वनाए। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक पीड़िता ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि गांव निवासी हरीश कुमार से करीब चार साल से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी और मुलाकात भी होती रहती थी। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार शादी का भरोसा देकर उसका शोषण करता रहा। युवती के मुताबिक वीते गुरुबार की रात उसके परिजन रिश्तेदारी में गए हुए थे। घर पर वह और उसका भाई मौजूद थे। रात में भाई के सो जाने के बाद आरोपी युवक घर में घुस आया और युवती के साथ दुष्कर्म किया। परिवार के लोगों को जानकारी होने पर उन्होंने युवक से शादी करने के लिए कहा, लेकिन उसने शादी करने से इनकार कर दिया। शनिवार को युवती परिजनों के साथ घुंघचाई थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने हरीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण व बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए।

### घर में घुसकर महिला सहित चार को पीटा, घायल

**पूरनपुर।** घर में घुसकर महिला सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा निवासी उमेश ने घुंघचाई थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि शनिवार को उसका भाई महेश कुमार अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठा था। तभी गांव निवासी राजेश, पप्पू, अखिलेश, मिथलेश लाठी डंडे लेकर उसके पास पहुंचे और गाली गलौच करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारा पीटा। जिस पर महेश भागकर अपने घर के अंदर गया तो आरोपी सभी घर में घुस आए और फिर महेश को मारा पीटा। शोर मचाने पर पत्नी व मां बचाने गईं तो उनको भी मारा पीटा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे आरोपी मारपीट करते साफ दिखाई दे रहे हैं। घायल सभी थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी है।दूसरे पक्ष ने भी मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

### 29 किसानों की गन्ने की फसल नदी में समाई

**पूरनपुर।** शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही नदी किनारे बसे गांवों में एक बार फिर बाढ़ और कटान का खतरा बढ़ने लगा है। इस बार सबसे अधिक चिंता हजारा क्षेत्र को लेकर जताई जा रही है। नदी करीब ढाई किलोमीटर का लूप बनाकर हजारा की ओर बह रही है। अगस्त में जलस्तर बढ़ने पर गांव की आबादी में तीन बार पानी भर चुका है। अब तक हजारा के 26 और चंदिया हजारा के तीन किसानों की जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल नदी में समा चुकी है। राणाप्रताप नगर और आसपास के गांवों में भी कटान से लोग चिंतित हैं। हजारा में कटान रोकने के लिए बाढ़ खंड की ओर से बंबू क्रेट लगाने का काम शुरू किया गया है। राणाप्रताप नगर और नहरोसा के बीच भी कटान रोकने के लिए परकोपाइन लगाई गई हैं। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि नदी का बहाव लगातार हजारा की ओर होने के कारण जलस्तर बढ़ने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। अगस्त में नदी का पानी बढ़ने पर हजारा की आबादी में तीन बार जलभराव हुआ। सड़कों और खेतों में तीन से चार फुट तक पानी बहा। पांच अगस्त को बाढ़ खंड के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार निरंजन ने हजारा पहुंचकर कटान का निरीक्षण किया था। उन्होंने ड्रोन कैमरे से नदी के बहाव और स्थिति का जायजा लिया। 21 अगस्त को उन्होंने रमनगरा, चंदिया हजारा और निर्माणाधीन सेतु के समीप भी निरीक्षण किया। 20 अगस्त को मंडलायुक्त शंभू कुमार ने हजारा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी थीं। उन्होंने बाढ़ और कटान की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बेहतर परियोजना तैयार कराकर काम कराने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते बचाव कार्य तेज नहीं किए गए तो जलस्तर बढ़ने पर हालात संभालना मुश्किल हो सकता है।

### नौ वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** लखीमपुर के कस्बा संपूर्णानगर निवासी एक नौ वर्षीय बच्ची को कुछ दिन पहले अपनी ननिहाल आई थी। शनिवार को वह घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध युवक वहां पहुंचा, आरोप है कि युवक बच्ची को बिस्किट और चॉकलेट का लालच देकर खेतों की ओर ले जाने लगा। कुछ दूर चलने के बाद बच्ची युवक की मंशा भांप गई। बच्ची ने शोर-शराबा शुरू कर दिया। इस पर युवक ने चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी। बच्ची ने चिल्लाते हुए युवक के हाथ में दांतों से काट लिया। पकड़ ढीली होने पर बच्ची उसके चंगुल से मुक्त हो गई। शोर सुनकर ननिहाल के लोग मौके पर पहुंचे और अज्ञात युवक को पकड़ लिया, सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंच गए। ग्रामीणों ने युवक की धुनाई कर पूछताछ की। पकड़ा गया युवक ने पहले खुद को मुरादाबाद का निवासी बताया। ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बच्ची की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने भारत पुत्र राकेश निवासी पत्रौआ चंदौसी, जनपद संभल के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कई दिन से आसपास के गांवों में घूम रहा था। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत है। हजार थाना प्रभारी शरद यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी गई।

### गांवों के पास बढ़ी तेंदुओं की दस्तक, वन विभाग सतर्क

**पीलीभीत।** खेतों में पानी भरने के कारण इन दिनों गांवों के आसपास तेंदुओं की दस्तक बढ़ गई है। इसे देखते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए बाघ मित्रों को और अधिक सक्रिय करने पर जोर दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से डीएफओ मनीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में वन्यजीवों की गतिविधियों समेत संघर्ष की आशंका वाले विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अवंती बाई लोधी ने देश के लिए दे दी थी प्राणों की आहुति : पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा को माला पहनाकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

**बीसलपुर।** निगोही के पूर्व विधायक एवं सपा नेता रोशन लाल वर्मा ने कहा है कि महारानी अवंती बाई ने देश के लिए अपना बलिदान दे दिया था। हम सभी को उनके आदर्शों का अनुसरण कर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। विधायक वर्मा बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित ग्रीनलैंड बारात घर में आयोजित महारानी अवंती बाई लोधी जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महारानी अवंतीबाई लोधी 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक महान वीरांगना और सेनानी थीं। अंग्रेजी सेना ने चारों तरफ से जब उन्हें घेर लिया और मंडला के पास हार तय हो गई, तब 20 मार्च 1858 को इस महान वीरांगना ने अंग्रेजों के हाथ मरने के बजाय स्वयं अपनी कटार अपनी छाती में उतारकर मातृभूमि के लिए प्राणों का बलिदान दे दिया। समारोह के आयोजक महारानी अवंती बाई लोधी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सपा नेता हरिपाल सिंह लोधी ने कहा कि महारानी अवंती बाई ने देश के लिए अंग्रेजों के आगे नहीं झुकी उनसे युद्ध कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश वर्मा व संचालन राम प्रताप गंगवार ने किया । कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉक्टर नूर अहमद अंसारी, सपा विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बी डी प्रजापति, सपापूर्व नगर अध्यक्ष बलीउल्ला, मुक्त दर हयात, डॉ यासीन अंसारी ने विचार व्यक्ति किये।

## याचिका समिति के सभापति बनने के बाद पहली बार पूरनपुर पहुंचे एमएलसी सुधीर गुप्ता, हुआ भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूरनपुर के नपा सभागार में बोलते सुधीर गुप्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति का सभापति मनोनीत होने के बाद पहली बार पूरनपुर पहुंचे एमएलसी सुधीर गुप्ता का नगर पालिका परिषद में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों तथा समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी सुधीर गुप्ता ने याचिका समिति की कार्यप्रणाली और उसकी शक्तियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधान परिषद और विधानसभा का सत्र वर्ष में सीमित दिनों तक ही चलता है, जबकि शेष अवधि में सदन की कई न्यायिक और विधायी शक्तियां संसदीय समितियों के माध्यम से संचालित होती हैं। याचिका समिति भी ऐसी ही एक महत्वपूर्ण और प्रभावी समिति है, जो जनहित से जुड़े मामलों के समाधान में अहम भूमिका निभाती है। एमएलसी सुधीर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में समिति के समक्ष प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित 1,639 याचिकाएं लंबित हैं, जिन्हें विधान परिषद सदस्यों द्वारा जनता की समस्याओं और जनहित के मुद्दों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभापति के रूप में उनकी प्राथमिकता इन लंबित याचिकाओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण कर आम जनता को राहत पहुंचाना रहेगा। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सभागार में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखने लायक था। वक्ताओं ने कहा कि सुधीर गुप्ता को विधान परिषद की महत्वपूर्ण याचिका समिति का सभापति बनाया जाना पूरनपुर और पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। अंत में एमएलसी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में हाथियों ने रौंद डाली गन्ने की फसल

जागरण मोर्चा कार्यालय


रौंदी गई गन्ने की फसल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में जंगली हाथियों ने किसानों की फसलो को रौंद डाला। ग्राम केसरियापुर में हाथियों ने खेतों में घुसकर कई किसानों की गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने फसल को खाने के साथ खेतों में घूमते हुए उसे रौंद भी दिया। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथियों ने भारत प्रसाद की करीब दो एकड़ गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाया है,इसके अलावा रामदयाल, बालकराम,राजेंद्र और रामविलास के खेतों में भी हाथियों ने पहुंचकर गन्ने की फसल खा ली और नुकसान किया। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों ने फसल की स्थिति देखी तो उनके होश उड़ गए। खेतों में हाथियों के पैरों के निशान और क्षतिग्रस्त फसल देखकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि जंगली हाथियों का फसलों को नुकसान पहुंचाना कोई नई समस्या नहीं है। लगभग हर वर्ष जंगल से निकलकर हाथी गांवों के आसपास पहुंचते हैं और रात के समय खेतों में घुसकर गन्ना, धान सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। हाल के वर्षों में भी इस क्षेत्र में हाथियों द्वारा किसानों की फसलें रौंदने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। हाथियों की मौजूदगी से किसान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। किसानों को आशंका है कि यदि हाथियों की आवाजाही इसी तरह बनी रही तो आसपास के अन्य खेतों में भी खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। प्रभावित किसानों ने वन विभाग से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने और हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## ठेकेदार ने बिना परमिट चार सौगान के पेडों को काटा, विरोध करने पर विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय


काटे गए पेंड की जड़। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में रात में बिना वन विभाग के परमिट के हरे-भरे पेड़ों का सफाया कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस कर कार्रवाही मांग की है। गांव शेरपुर कलां निवासी रेहान खां पुत्र इबादत नूर खां ने पूरनपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि उनकी पिता दादा से विरासत में मिली पैतृक भूमि पर सागौन के चार हरे भरे पेड़ खड़े थे। आरोप है कि शनिवार को तड़के सहखातेदार इशारत नूर खां पुत्र शहादत नूर खां ने अन्य सहखातेदारों की सहमति लिए बिना एक स्थानीय ठेकेदार को बुला लिया। बिना किसी वैध परमिट के चारों हरे भरे सागौन के पेड़ों को काटकर लकड़ी मौके से गायब कर दी गई। पीड़ित रेहान खां का कहना है कि पेड़ कटने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सुबह जब चोरी छिपे पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई और उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। आरोपियों ने साफ धमकी दी कि जो करना है कर लो। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर आरोपियों और अवैध कटान करने वाले ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्रवाही की जाएगी।

**निगरानी** सुरक्षा व्यवस्था परखी, तस्करी रोकने के दिए निर्देश

## भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस एसएसबी की संयुक्त गश्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



गश्त करती पुलिस और एसएसबी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भारत- नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से थाना हजारा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में पहुंचकर निगरानी की। संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पिलर संख्या नंबर 34 के आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त की। इस दौरान सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। सीमा पर आने-जाने वाले लोगों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की चेकिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को परखा।अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में तैनात पुलिस एसएसबी जवानों को लगातार सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को नजरदांज न किया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल जांच की जाए। संयुक्त टीम को अवैध आवागमन और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने आती है तो इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए,पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाना हजारा पुलिस और एसएसबी के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने सीमा क्षेत्र में नियमित रूप से संयुक्त गश्त और निगरानी जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।संयुक्त गश्त के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सीमा क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निगरानी लगातार जारी रहेगी।

## रामपाल की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**न्यूरिया।** थाना क्षेत्र के गांव बसंतापुर में मारपीट के दौरान किसान रामपाल की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। कोट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। 27 अगस्त को रामपाल की मौत की सूचना पुलिस को मिली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि मारपीट के दौरान अनिल ने रामपाल को धक्का दिया था, जिससे वह सड़क पर गिर गए और सिर में गंभीर चोट आई। मृतक के पुत्र शिव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना 26 अगस्त को हुई थी। बीचबचाव करने पर मृतक पर हमला किया गया था। सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि मामले में विवेचना की कार्रवाई पर अमल कराया जा रहा है।

## डॉ. रत्नेश गंगवार की सपा में घर वापसी, बीसलपुर में राजनीति में बड़ा उलटफेर, अखिलेश यादव ने बताया पुराना साथी

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को शिव जी की मूर्ति भेंट करते डॉ रत्नेश गंगवार।

**बीसलपुर।** विधानसभा (130) के राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। क्षेत्र के चर्चित नेता डॉ. रत्नेश गंगवार ने शुक्रवार को एक बार फिर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। डॉ. रत्नेश गंगवार बीसलपुर से गाड़ियों के विशाल काफिले और सैकड़ों समर्थकों, ग्राम प्रधानों व प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ पहुंचे थे। पार्टी कार्यालय पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने "अखिलेश यादव जिंदाबाद" और "डॉ. रत्नेश गंगवार जिंदाबाद" के नारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। सदस्यता ग्रहण कराने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. रत्नेश गंगवार का स्वागत करते हुए उन्हें अपना 'पुराना साथी' बताया। इसके साथ ही उनकी पत्नी व जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार का भी सपा परिवार में औपचारिक अभिनंदन किया गया। डॉ. गंगवार पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा हूँ। बीसलपुर में पार्टी संगठन को हर स्तर पर मजबूत करना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। डॉ. गंगवार की इस वापसी से बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव जल्द ही बीसलपुर में एक विशाल जनसभा या बड़े कार्यक्रम में शिरकत कर सकते हैं, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को नई मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है।